NEET Bulletin Helpline No.
8800265682
Completely NEET Counselling Guidance specially for
MBBS BDS BAMS BHMS BUMS
B.Sc Nursing GNM D./ B. Pharma
BPT MPT D/BMLT D.Optometry
OT Technician Clinical Research
B.Sc Ag. Micro Bio Bio Chem
Bio tech. BNYS etc.

R.N.I.NO.-UPHIN/2011/41608

राष्ट्रीय हिंदी दैनिक

# विजडम इंडिया

निर्भीक और बेबाक अभिव्यक्ति

EMAIL: sheelshukla100@gmail.com

लखनऊ से प्रकाशित

वर्ष: 13 अंक: 233 लखनऊ, रविवार 07 अप्रैल 2024 मूल्य: 02 रुपये पृष्ठ- 08

## खड़गे के बयान पर भड़के अमित शाह, बोले– कश्मीर से हर भारतीय का वास्ता, वह भारत का अभिन्न अंग है

एजेंसी।

नई दिल्ली शाह ने कहा कि भारत के विचार को न समझ पाने के लिए अधिकतर कांग्रेस पार्टी की इटालियन संस्कृति ही दोषी है। ऐसे बयानों से हर उस देशभक्त नागरिक को ठेस पहुँचती है जो देश की एकता और अखंडता की परवाह करता है। जनता कांग्रेस को जरूर जवाब देगी। अनुच्छेद 370 को लेकर अब सियासी बवाल छिड़ता हुआ नजर आ रहा है। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे के बयान का हवाला देते हुए अमित शाह ने पलटवार किया है। अमित शाह ने खड़गे के एक वीडियो साक्षा किया है। अमित



शाह ने कहा कि यह सुनना शर्मनाक है कि कांग्रेस पार्टी पूछ रही है, ष्कश्मीर से क्या वास्ता है?ष उन्होंने कहा कि मैं कांग्रेस पार्टी को याद दिलाना चाहूंगा कि जम्मू–कश्मीर भारत का अभिन्न अंग है और प्रत्येक राज्य और नागरिक का जम्मू–कश्मीर पर अधिकार है, जैसे जम्मू–कश्मीर के लोगों का शेष भारत पर अधिकार है। कांग्रेस को यह नहीं पता कि कश्मीर में शांति और सुरक्षा के लिए राजस्थान के कई वीर सपूतों ने अपने प्राणों की आहुति दी है। लेकिन यह सिर्फ कांग्रेस नेताओं की गलती नहीं है। शाह ने कहा कि भारत के विचार को न समझ पाने के लिए अधिकतर कांग्रेस पार्टी की इटालियन संस्कृति ही दोषी है। ऐसे बयानों से हर उस देशभक्त नागरिक को ठेस पहुँचती है जो देश की एकता और अखंडता की परवाह करता है। जनता कांग्रेस को जरूर जवाब देगी। इसके साथ ही उन्होंने कहा कि और कांग्रेस की जानकारी के लिए, यह अनुच्छेद 371 नहीं, बल्कि अनुच्छेद 370 था, जिसे मोदी सरकार ने निरस्त कर दिया था। हालाँकि, कांग्रेस से ऐसी भयानक गलतियाँ करने की अपेक्षा ही की जाती है। इसके द्वारा की गई ऐसी भूलों ने दशकों से हमारे देश को परेशान किया है।

## यूपी में दो लड़कों की फ्लॉप फिल्म पर अखिलेश का पलटवार, कहा– सपा जहाज उतारने लायक रोड बनाती है

संवाददाता।

लखनऊ सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव ने पीएम नरेंद्र मोदी के दो लड़कों की फ्लॉप फिल्म संबंधी बयान पर पलटवार किया है। उन्होंने कहा कि सपा जहाज उतरने लायक सड़क बनाती है और भाजपा जुमलों के कागज से बने झूठे हवा–हवाई जहाज उड़ाती है। मोदी ने अपनी सभा में राहुल गांधी और अखिलेश यादव की ओर इशारा करते हुए विपक्षी गठबंधन इंडिया पर हमला बोला था। इस पर अखिलेश यादव ने एक्स के जरिये कहा कि सपा के बनाए आगरा–लखनऊ एक्सप्रेसवे पर सुपर सोनिक



की शानदार उड़ान हो रही है। सपा और भाजपा में यही अंतर है। सपा आपातकाल में देश की रक्षा के लिए हवाई जहाज उतारने के लिए रनवे जैसी मजबूत सड़क बनाती है और भाजपा जुमलों के कागज से बने झूठे हवा–हवाई जहाज उड़ाती है। अखिलेश ने जारी बयान में कहा कि आगरा–लखनऊ एक्सप्रेसवे पर उन्नाव के पास हवाई पट्टी बनाई गई थी, जिस पर आज भी लड़ाकू विमान अभ्यास कर रहे हैं। यह एक्सप्रेसवे देश की सामरिक जरूरतों के लिए बेहद महत्वपूर्ण है। उन्होंने कहा कि समाजवादियों ने देश और जनता के लिए हमेशा बड़े विजन के साथ काम किया है। वहीं, दूसरी तरफ भाजपा सरकार ने विकास कार्य रोकने का कार्य किया। नोटबंदी, इलेक्टोरल बॉन्ड भ्रष्टाचार के सबसे बड़े उदाहरण है। सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव से शनिवार को लखनऊ में बारह संघ घुमंतू विमुक्त जनजाति समाज की राष्ट्रीय अध्यक्ष पूनम गिहार के नेतृत्व में एक प्रतिनिधिमंडल ने मुलाकात की।

## कांग्रेस और भ्रष्टाचार के बीच अटूट रिश्ता, Rajnath Singh बोले- धोनी की राजनीति के सर्वश्रेष्ठ फिनिशर हैं तरह राहुल गांधी

नई दिल्ली भाजपा नेता ने कहा कि वैसे हमारी पार्टी यह चाहती है भारत में लोकसभा और विधानसभाओं के चुनाव एक साथ हों। इससे आपका समय बचेगा और देश के संसाधनों की भी बचत होती। देश में वन नेशन वन इलेक्शन के बारे में पूर्व राष्ट्रपति श्री रामनाथ कोविंद समिति ने एक रिपोर्ट दी है। केंद्रीय



मंत्री राजनाथ सिंह ने शनिवार को कहा कि क्रिकेट में महेंद्र सिंह धोनी की तरह, कांग्रेस नेता राहुल गांधी भारतीय राजनीति के ष्सर्वश्रेष्ठ फिनिशरष हैं क्योंकि उनकी पार्टी की उपस्थिति हर जगह कम हो रही है। मध्य प्रदेश के सीधी जिले में एक चुनाव प्रचार रैली में बोलते हुए, वरिष्ठ भाजपा नेता ने यह भी आरोप लगाया कि कांग्रेस का भ्रष्टाचार के साथ ष्अटूटष रिश्ता है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस और भ्रष्टाचार के बीच एक अटूट रिश्ता है। एक गाना था श्तू चल मैं आईश, कांग्रेस और भ्रष्टाचार का रिश्ता वैसा ही है। आपने देखा होगा जहां कांग्रेस आती है, वहां भ्रष्टाचार भी पहुंच जाता है। पार्टी का पतन हो रहा है।

## पांच साल में कोई काम नहीं हुआ, बालुरघाट में ममता का तीखा कटाक्ष, सुकांत ने दिया जवाब

एजेंसी।

नई दिल्ली मुख्यमंत्री ने कहा कि मैं सुकांत बाबू और गद्दार को चुनौती देती हूं, आपने बंगाल का पैसा रोका है। आपको उत्तर बंगाल से प्यार नहीं है, आपको दक्षिण बंगाल से भी प्यार नहीं है। मुख्यमंत्री ने यह भी आरोप लगाया कि सुकांत ने आत्रेयी नदी पर बांध से पैदा हुई समस्या के समाधान के लिए कोई पहल नहीं की है। मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने बालुरघाट में बीजेपी के प्रदेश अध्यक्ष सुकांत मजूमदार के खिलाफ निशाना साधते हुए कहा कि उन्होंने पांच साल में काम नहीं किया है ऐसी शिकायत है। भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष पर तीखा हमला करते हुए तृणमूल नेता ने कहा कि श्जिस सांसद ने पांच साल में भाषण देने के अलावा कोई काम नहीं किया, उसे अब भेज दीजिए। इस दिन मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने दक्षिण दिनाजपुर के तपन में तृणमूल उम्मीदवार बिप्लब मैत्रा के समर्थन में सभा की.



बीजेपी के प्रदेश अध्यक्ष सुकांत मजूमदार भी इस बार उस केंद्र से उम्मीदवार हैं मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने बीजेपी प्रदेश अध्यक्ष पर केंद्र सरकार से बंगाल का पैसा रोकने का अनुरोध करने का भी आरोप लगाया। मुख्यमंत्री ने कहा कि मैं सुकांत बाबू और गद्दार को चुनौती देती हूं, आपने बंगाल का पैसा रोका है। आपको उत्तर बंगाल से प्यार नहीं है, आपको दक्षिण बंगाल से भी प्यार नहीं है। मुख्यमंत्री ने यह भी आरोप लगाया कि सुकांत ने आत्रेयी नदी पर बांध से पैदा हुई समस्या के समाधान के लिए कोई पहल नहीं की है। हालांकि, बीजेपी प्रदेश अध्यक्ष ने मुख्यमंत्री को जवाब देने में देर नहीं की सुकांत मजूमदार ने प्रतिवाद करते हुए कहा कि वह दक्षिण दिनाजपुर जिले को नहीं जानते हैं उनके स्टाफ से मत पूछिए कि बालुरघाट से दिल्ली ट्रेन, सियालदह–बालुरघाट नई ट्रेन, बालुरघाट स्टेशन को अमृत भारत योजना के तहत लाना, बुनियादपुर में दूसरा प्लेटफॉर्म किसने बनाया? इस दिन मुख्यमंत्री ने दक्षिण दिनाजपुर में मेडिकल कॉलेज बनाने का मुद्दा भी उठाया दूसरी ओर, अगर मुख्यमंत्री सचमुच बालुरघाट में मेडिकल कॉलेज बनवाते हैं, तो वह केंद्र सरकार से 200 से 300 करोड़ रुपये लाने की व्यवस्था करेंगे।

## केजरीवाल की गिरफ्तारी के खिलाफ भगवंत मान अब ये क्या करने जा रहे हैं, भगत सिंह के गांव में सभी मंत्री और विधायक होंगे एकट्ठा

एजेंसी।

नई दिल्ली मुख्यमंत्री भगवंत मान खटकड़ कलां पहुंचेंगे और सभी विधायक और मंत्री इस भूख हड़ताल में शामिल होंगे। इस संबंध में आम आदमी पार्टी के विधायक दिनेश चड्ढा, बिक्रमजीत पासी और हसुखिंदर सिंह बब्बी बादल ने प्रेस कॉन्फ्रेंस कर ऐलान किया कि कल सुबह 11 बजे खटकड़ कलां में भूख हड़ताल की जाएगी। जिसमें मुख्यमंत्री माननीय समेत सभी मंत्री और विधायक शामिल हुए। उन्होंने कहा कि यह भूख हड़ताल पूरे पंजाब के जिला कार्यालयों में की जाएगी। आप के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल की गिरफ्तारी के विरोध में आम आदमी पार्टी 7 अप्रैल को देशव्यापी भूख हड़ताल करने जा रही है। दिल्ली सरकार के मंत्री, आम आदमी पार्टी के सभी सांसद, विधायक और पार्षद 7 अप्रैल को जंतर–मंतर पर सामूहिक भूख हड़ताल करेंगे। इसी कड़ी के तहत पंजाब की आप सरकार शहीदे आजम भगत के गांव खटकर कलां में सामूहिक भूख हड़ताल करने की रणनीति बना रही है। दरअसल, केजरीवाल की गिरफ्तारी के खिलाफ आम आदमी पार्टी कल यानी रविवार



को पूरे पंजाब में बड़े पैमाने पर भूख हड़ताल करेगी। यह भूख हड़ताल एक दिन तक चलेगी। इस बीच मुख्यमंत्री भगवंत मान खटकड़ कलां पहुंचेंगे और सभी विधायक और मंत्री इस भूख हड़ताल में शामिल होंगे। इस संबंध में आम आदमी पार्टी के विधायक दिनेश चड्ढा, बिक्रमजीत पासी और हसुखिंदर सिंह बब्बी बादल ने प्रेस कॉन्फ्रेंस कर ऐलान किया कि कल सुबह 11 बजे खटकड़ कलां में भूख हड़ताल की जाएगी। जिसमें मुख्यमंत्री माननीय समेत सभी मंत्री और विधायक शामिल हुए। उन्होंने कहा कि यह भूख हड़ताल पूरे पंजाब के जिला कार्यालयों में की जाएगी। उन्होंने कहा कि यह भूख हड़ताल पूरे पंजाब के जिला कार्यालयों में की जाएगी। बता दें कि मुख्यमंत्री भगवंत मान 7 अप्रैल के बाद हरियाणा जाएंगे, यहां से वह गुजरात जाएंगे। मुख्यमंत्री भगवंत मान का 8 अप्रैल को कुरूक्षेत्र में कार्यक्रम है, जहां वह पार्टी प्रत्याशी के पक्ष में प्रचार करेंगे।

## कांग्रेस के घोषणा पत्र पर छिड़ी रार, मोदी ने मुस्लिम लीग से जोड़ा, जयराम रमेश ने किया पलटवार

नई दिल्ली मोदी पर वार करते हुए रमेश ने कहा कि उन्होंने चीन को क्लीन चिट दे दी और उसी क्लीन चिट के कारण आज हम कमजोर हो गए हैं। प्रधानमंत्री कहते हैं कि कांग्रेस ने मुस्लिम लीग की नीति अपनाई, मैं प्रधानमंत्री को याद दिला दूं कि 1940, 1941 और 42 में बंगाल में कौन सा व्यक्ति, कौन सी मुस्लिम पार्टी मुस्लिम लीग के साथ गठबंधन सरकार में थी। कांग्रेस के घोषणा पत्र पर सियासत तेज होता दिखाई दे रहा है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी समेत भाजपा के तमाम नेता जहां घोषणा पत्र को लेकर कांग्रेस पर निशाना साध रहे हैं तो वहीं अब कांग्रेस की ओर से पलटवार किया गया है। कांग्रेस सांसद जयराम रमेश ने कहा कि श्यामा प्रसाद मुखर्जी ने जिन्ना की मुस्लिम लीग से समझौता किया। कांग्रेस ने कभी कोई समझौता नहीं किया। उन्होंने कहा कि लालकृष्ण आडवाणी और जसवन्त सिंह ने पाकिस्तान जाकर जिन्ना की तारीफ की। किसी कांग्रेसी नेता ने ऐसा नहीं किया। उत्तर प्रदेश के सहारनपुर में रैली में बोलते हुए, पीएम मोदी ने कहा कि कांग्रेस का घोषणापत्र ष्पूरी तरह से मुस्लिम लीग की छाप रखता ह जयराम रमेश ने कहा कि कांग्रेस पार्टी किसान न्याय, महिला न्याय, युवा न्याय, श्रमिक न्याय गारंटी कार्ड लेकर आठ करोड़ घरों में जा रही है। हमारे कार्यकर्ता और नेता आठ करोड़ परिवारों तक पहुंच रहे हैं। ये हैं देश के असली मुद्दे, महिलाएं, किसान, युवा, मजदूर, वंचित लोग, पिछड़े वर्ग के लोग, अनुसूचित जाति और अनुसूचित जाति, ये वो मुद्दे हैं जो 2024 में मायने रखते हैं। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री कभी भी जनता के बारे में बात नहीं करते हैं, वह जनता के मुद्दे, किसानों के मुद्दे, युवाओं के मुद्दे, महिलाओं के मुद्दे, श्रमिकों के मुद्दे से ध्यान भटकाना चाहते हैं, जो 10 साल के अन्याय की सच्चाई है। मोदी पर वार करते हुए रमेश ने कहा कि उन्होंने चीन को क्लीन चिट दे दी और उसी क्लीन चिट के कारण आज हम कमजोर हो गए हैं। प्रधानमंत्री कहते हैं कि कांग्रेस ने मुस्लिम लीग की नीति अपनाई, मैं प्रधानमंत्री को याद दिला दूं कि 1940, 1941 और 42 में बंगाल में कौन सा व्यक्ति, कौन सी मुस्लिम पार्टी मुस्लिम लीग के साथ गठबंधन सरकार में थी। उन्होंने कहा कि श्यामा प्रसाद मुखर्जी, जो जनसंघ के संस्थापक थे, हिंदू महासभा के अध्यक्ष थे और उन्होंने मुस्लिम लीग के साथ गठबंधन सरकार बनाई थी। बंगाल, सिंध और



उत्तर–पश्चिम सीमांत प्रांत में हिंदू महासभा और मुस्लिम लीग के बीच गठबंधन था। आज अगर हम कांग्रेस की बात करें तो वह हमेशा विभाजनकारी राजनीति अपनाती है और प्रधानमंत्री किसी भी मुद्दे पर सामाजिक ध्रुवीकरण को बढ़ावा देने के लिए तैयार रहते हैं। वहीं, भाजपा प्रवक्ता सुधांशु त्रिवेदी ने कहा कि कांग्रेस का असली चेहरा कुछ और नहीं बल्कि मुस्लिम लीग का छिपा हुआ एजेंडा है। यहां तक ध्धकि अपने घोषणापत्र में भी उन्होंने उल्लेख किया है कि वे व्यक्तिगत कानूनों को बनाए रखने की कोशिश करेंगे। उन्होंने कहा कि इसका मतलब है कि वे सभी को राष्ट्रीय मुख्यधारा में लाने के बजाय, उन्हें एक अलगाववादी पहचान देने की ओर अधिक झुकाव है, जहां उन्होंने अल्पसंख्यक समुदाय की खान–पान की आदतों को बनाए रखने का उल्लेख किया है, मैं उनसे पूछना चाहता हूं– उन्होंने जैन समुदाय के लिए अब तक क्या किया है– जो सबसे अधिक शाकाहारी हैं। उन्होंने कहा कि वे अल्पसंख्यकों में विश्वास नहीं करते। त्रिवेदी ने कहा कि वे अल्पसंख्यकों के भीतर बहुसंख्यकवाद में विश्वास करते हैं, और ऐसा इसलिए है क्योंकि, केरल में, वे मुस्लिम लीग के साथ गठबंधन में हैं। वायनाड में मुस्लिम लीग उनकी सबसे बड़ी समर्थक है... यह वही मुस्लिम लीग है जिसके संस्थापक आजादी से पहले मोहम्मद अली जिन्ना की मुस्लिम लीग के तत्कालीन मद्रास प्रेसीडेंसी प्रमुख मोहम्मद इस्माइल थे। उन्होंने कहा कि स्वतंत्रता के बाद, वे संविधान सभा का हिस्सा बन गए, और उन्होंने मुसलमानों के लिए विशेष दर्जे की मांग की, यहां तक ध्धकि मुसलमानों के लिए अलग निर्वाचन क्षेत्रों की मांग की, जिसकी सरदार पटेल ने पूरी तरह से निंदा की थी।

## बिहार में कांग्रेस को नहीं मिल पा रहा उम्मीदवार, लालू की वजह से दो सीटों पर बिगड़ गया बना बनाया काम!

एजेंसी।

पटना बिहार पप्पू की ओर से लालू प्रसाद से कोई भी अनुरोध स्थिति को नहीं बदल सका। गौरतलब है कि पप्पू पांच बार बिहार से लोकसभा चुनाव जीत चुके हैं। कन्हैया ने 2019 में केंद्रीय मंत्री गिरिराज सिंह के खिलाफ बेगुसराय से चुनावी मैदान में कदम रखा। बिहार में लोकसभा चुनाव के लिए पहला वोट एक पखवाड़े में डाला जाएगा। फिर भी कांग्रेस, शत्रुघ्न सिन्हा, कीर्ति आजाद, मीरा कुमार और निखिल कुमार जैसे अपने स्टार खिलाड़ियों के बिना, उपयुक्त उम्मीदवारों को खोजने के लिए संघर्ष कर रही है। सबसे पुरानी पार्टी को राज्य के 40 निर्वाचन क्षेत्रों में से नौ सीटें आवंटित की गई हैं। इसकी सहयोगी पार्टी राजद 26 सीटों पर चुनाव लड़ेगी, जिससे शेष पांच सीटें वाम दलोंरू सीपीआई–एमएल, सीपीआई और सीपीएम के लिए छोड़ दी जाएंगी। कांग्रेस के स्टार प्रचारक और राज्य की राजनीति के सबसे बेहतरीन वक्ताओं में से एक कन्हैया कुमार पूर्व जेएनयू छात्र नेता के प्रति लालू प्रसाद के उदासीन दृष्टिकोण



के कारण मैदान में नहीं हैं। शत्रुघ्न सिन्हा और कीर्ति आजाद, बिहार के दो भाजपा सांसद, जो 2019 के लोकसभा चुनावों के दौरान कांग्रेस में शामिल हो गए थे, दोनों तृणमूल कांग्रेस में शामिल हो गए हैं और ममता के उम्मीदवार के रूप में क्रमशः आसनसोल और दुर्गापुर (दोनों पश्चिम बंगाल में) से चुनाव लड़ रहे हैं। शत्रु के पड़ोसी राज्य में जाने के साथ, कांग्रेस को पटना साहेब सीट के लिए उपयुक्त प्रतिस्थापन नहीं मिल पाया है, जहां से वह 2009 और 2014 में दो बार जीते, और 2019 में एक बार हार गए। इसके अलावा, राजद ने कांग्रेस को एक कच्चा सौदा दिया है। वह बेगुसराय से कन्हैया कुमार और पूर्णिया से पप्पू यादव को मैदान में उतारना चाहती थी। वे दोनों मजबूत दावेदार थे, लेकिन राजद प्रमुख लालू प्रसाद ने योजनाबद्ध तरीके से उन्हें दरकिनार कर दिया, जिन्होंने बेगूसराय सीट सीपीआई को दे दी, जबकि पूर्णिया को राजद के लिए बरकरार रखा। पप्पू की ओर से लालू प्रसाद से कोई भी अनुरोध स्थिति को नहीं बदल सका। गौरतलब है कि पप्पू पांच बार बिहार से लोकसभा चुनाव जीत चुके हैं। कन्हैया ने 2019 में केंद्रीय मंत्री गिरिराज सिंह के खिलाफ बेगुसराय से चुनावी मैदान में कदम रखा। तीन नामों को अंतिम रूप दिया गया, आवंटित सभी नौ सीटों में से, सबसे पुरानी पार्टी अब तक केवल तीन सीटों के लिए उम्मीदवारों की घोषणा कर पाई हैरू किशनगंज (मोहम्मद जावेद), कटिहार (तारिक अनवर) और भागलपुर (अजीत शर्मा)। शेष निर्वाचन क्षेत्रों के लिए उपयुक्त उम्मीदवार ढूंढना एक कठिन कार्य बन गया है। एक वरिष्ठ कांग्रेस पदाधिकारी ने उम्मीदवारों की घोषणा में देरी के बारे में विस्तार से बताते हुए कहा कि केरल के पूर्व राज्यपाल निखिल कुमार औरंगाबाद से चुनाव लड़ना चाहते थे, लेकिन राजद ने अपने उम्मीदवार को टिकट दे दिया, जिससे आईपीएस अधिकारी से नेता बने के लोग निराश हो गए। सासाराम सीट कांग्रेस को दे दी गई, लेकिन मीरा कुमार ने उनकी जागीर से चुनाव लड़ने में असमर्थता जताई। शत्रुघ्न और कीर्ति पहले ही कांग्रेस छोड़ कर तृणमूल में शामिल हो चुके हैं। उन्होंने कहा कि समस्तीपुर जैसी किसी जगह पर, हमारे पास कुछ नाम चर्चा में हैं। एक हैं तमिलनाडु के पूर्व डीजीपी बीके रवि और दूसरे हैं नीतीश कैबिनेट में मंत्री महेश्वर हजारी के बेटे सनी हजारी। इसी तरह, मुजफ्फरपुर में, कांग्रेस ने अपने विधायक विज्येंद्र चौधरी (जो मुजफ्फरपुर विधानसभा से चार बार जीत चुके हैं) को मैदान में उतारने का लगभग फैसला कर लिया था, लेकिन ऐसा लगता है कि वह मुजफ्फरपुर से मौजूदा भाजपा सांसद अजय निषाद को मैदान में उतारते नजर आ रहे हैं।

## पार्टियों के नहीं, बल्कि संविधान के प्रति रहें वफादार, न्यायाधीशों और वकीलों के लिए सीजेआई चंद्रचूड़ का संदेश

एजेंसी। नई दिल्ली चंद्रचूड़ ने कहा कि न्यायपालिका बार–बार अपनी स्वतंत्रता और गैर–पक्षपातपूर्णता, कार्यपालिका, विधायिका और निहित राजनीतिक स्वार्थ से शक्ति को अलग करने के लिए आगे आई है। सीजेआई ने कहा कि हालाँकि, हमें यह नहीं भूलना चाहिए कि न्यायपालिका की स्वतंत्रता और बार की स्वतंत्रता के बीच घनिष्ठ संबंध है। भारत के मुख्य न्यायाधीश (सीजेआई) डीवाई चंद्रचूड़ ने एक स्वतंत्र बार का आह्वान करते हुए कहा है कि इसका न्यायपालिका की स्वतंत्रता के साथ घनिष्ठ संबंध है। सीजेआई ने एएनआई द्वारा उच्च न्यायालय बार एसोसिएशन नागपुर के शताब्दी वर्ष समारोह में अपने संबोधन के दौरान कहा कि हमारे जैसे जीवंत और तर्कशील लोकतंत्र में अधिकांश व्यक्तियों के पास अरस्तू को उद्धृत करने की राजनीतिक विचारधारा या प्रवृत्ति होती है श्मनुष्य राजनीतिक जानवर हैंश। वकील कोई अपवाद नहीं हैं। हालाँकि, बार के सदस्यों के लिए किसी की सर्वोच्च निष्ठा पक्षपातपूर्ण हितों के साथ–साथ अदालत और संविधान के प्रति होनी चाहिए। कई मायनों में यह स्वतंत्र बार है जो कानून के शासन और संवैधानिक शासन की रक्षा के लिए नैतिक कवच है। एक संस्था के रूप में बार न्यायिक स्वतंत्रता, संवैधानिक मूल्यों और अदालतों की गरिमा को बनाए रखने के लिए आवश्यक है।

# समाजवादियों के किए गए कार्य आज भी देश और जनता के काम आ रहे हैं– अखिलेश यादव

लखनऊ(आरएनएस)। समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कहा है कि समाजवादी सरकारों ने उत्तर प्रदेश को हर क्षेत्र में आगे बढ़ाते हुए बड़ी सोच और बड़े लक्ष्य के साथ विकास कार्य किये है। समाजवादियों के किए गए कार्य आज भी देश और जनता के काम आ रहे है। देश के सबसे बड़े आगरा–लखनऊ एक्सप्रेस–वे पर पहली बार लड़ाकू विमानों की लैंडिंग के लिए हवाई पट्टी का निर्माण कराया गया। आगरा–लखनऊ एक्सप्रेस–वे में उन्नाव के पास हवाई पट्टी बनायी गयी थी जिस पर आज भी लड़ाकू विमान मिग, सुखोई अभ्यास कर रहे हैं। यह एक्सप्रेस–वे देश की सामरिक जरूरतों के लिए बेहद महत्वपूर्ण है। समाजवादी पार्टी और भाजपा की सरकारों में यही अंतर है। समाजवादी पार्टी ने आपात स्थिति में देश की रक्षा के लिए लड़ाकू विमान उतारने के लिए मजबूत सड़के बनाती है और भाजपा जुमलों के कागज से बने झूठे हवा हवाई जहाज उड़ाती है।समाजवादी सरकार में इस एक्सप्रेस–वे का निर्माण रिकार्ड समय सिर्फ 22 महीने में तैयार हुआ था। निर्माण कार्य पूरा होने के समय भारतीय सेना ने एक्सप्रेस–वे की हवाई पट्टी पर भारत के सबसे शक्तिशाली सुखोई, मेराज, हरक्यूलिस जैसे विमानों को उतार कर अपनी ताकत का एहसास कराया। उस समय देश के पूर्व रक्षामंत्री रहे नेताजी मुलायम सिंह यादव मौजूद रहे। नेताजी ने देश की रक्षा जरूरत के लिए समाजवादी सरकार के इस कार्य की सराहना की थी। समाजवादियों को इस बात का गर्व है कि उनकी सरकार में बनाये गये एक्सप्रेस–वे सदियों तक देश की सुरक्षा जरूरतों के काम आयेगा। आज आगरा–लखनऊ एक्सप्रेस–वे में देश का सबसे बेहतरीन एक्सप्रेस–वे है, जिसकी सभी लोग प्रशंसा करते हैं। इसी तरह से समाजवादी सरकार ने पूर्वांचल एक्सप्रेस–वे पर भी सुल्तानपुर के पास लड़ाकू विमानों की लैंडिंग के लिए हवाई पट्टी का निर्माण डिजाइन किया था। पूरे देश में एक्सप्रेस–वेज पर जो सेना के लड़ाकू विमानों के लिए दो हवाई पट्टियां बनी हैं वह भी समाजवादी सरकार की उपलब्धि है। समाजवादियों ने देश और जनता के लिए हमेशा बड़े विजन के साथ काम किया है।

वहीं दूसरी तरफ भाजपा सरकार ने विकास कार्य रोकने का कार्य किया। भाजपा की सोच संकुचित है। भाजपा सरकार में जो भी काम हुए उनमें भारी भ्रष्टाचार हुआ। बुन्देलखण्ड एक्सप्रेस–वे तो उद्घाटन के साथ ही टूट गया था। जिसमें जमकर कमीशनखोरी हुई। इसका उद्घाटन प्रधानमंत्री द्वारा किया गया था।

# कांग्रेस के एक दर्जन से ज्यादा नेताओं ने थामा भाजपा का हाथ

लखनऊ(आरएनएस)। प्रदेश के उपमुख्यमंत्री बृजेश पाठक के समक्ष शनिवार को पार्टी के राज्य मुख्यालय पर सपा, बसपा और कांग्रेस के वरिष्ठ नेताओं ने भाजपा की सदस्यता ग्रहण की। सदस्यता ग्रहण करने वालो में बसपा के पूर्व सांसद वीर सिंह (मुरादाबाद), कांग्रेस से पूर्व सांसद व पूर्व विधायक संतोष कुमार कटाई (आजमगढ़), सपा से पूर्व सांसद व जिला पंचायत के अध्यक्ष श्री प्रेमदास कठेरिया (इटावा), सपा सरकार में पूर्व मंत्री डॉ. के.सी. पाण्डेय (गोरखपुर), सपा सरकार में पूर्व मंत्री साधना मिश्रा (बरेली), अनूपशहर, बुलन्दशहर से पूर्व विधायक गजेन्द्र सिंह, बसपा से पूर्व विधायक आदित्य पाण्डेय (फतेहपुर), सपा से पूर्व विधायक श्री रमेश कुमार कुशवाहा (ललितपुर), बसपा के पूर्व विधायक वासुदेव सिंह बाबा (बुलन्दशहर), पूर्व मुख्यमंत्री स्वर्गीय रामनरेश यादव के पुत्र अजय नरेश यादव (आजमगढ़), कांग्रेस के पूर्व प्रदेश महासचिव व लोकसभा प्रत्याशी रहे देवेन्द्र प्रताप सिंह गौतम (फतेहपुर), सपा के एससी–एसटी प्रकोष्ठ के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व लोकसभा प्रत्याशी शम्भु दयाल दोहरे (इटावा), सपा लोहिया वाहिनी के पूर्व राष्ट्रीय सचिव आदित्य शुक्ल (गोरखपुर), राष्ट्रीय उपाध्यक्ष, राष्ट्रीय शोषित समाज पार्टी डॉ. सीएस धनगर (मथुरा), जनअधिकार मंच के राष्ट्रीय अध्यक्ष आईपी कुशवाहा (बांदा), राष्ट्रीय अध्यक्ष आशा फाउन्डेशनरजत सिंह (मऊ), राष्ट्रीय अध्यक्ष मानव सेवा आश्रम राजकुमार सिंह(मऊ), राष्ट्रीय अध्यक्ष जनहित किसान पार्टी श्याम सुन्दर दास चौरसिया (महराजगंज), प्रदेश अध्यक्ष अखिल भारतीय पासी महासभा राजू सरोज (कानपुर), नगर पालिका अध्यक्ष डा. शरद गंगवार (फर्रूखाबाद), नगर पालिका अध्यक्ष रामजी गुप्ता (हरदोई), नगर पंचायत अध्यक्ष श्रीमती विद्यादेवी (हरदोई), नगर पंचायत अध्यक्ष अपूर्वा सिंह(आजमगढ़), सपा नगर पंचायत अध्यक्ष मूलचन्द्र सोनकर (बांदा), ब्लाक प्रमुख यशवंत शर्मा (आजमगढ), बसपा से पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष संजय दीक्षित (हमीरपुर), सपा से पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती मधुचन्द्रा (बदायूं) सपा से पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष सुषमा मौर्या (बदायूं) ने अपने समर्थकों के साथ भाजपा की सदस्यता ग्रहण की। इस अवसर पर प्रदेश सरकार के मंत्री दयाशंकर सिंह, प्रदेश उपाध्यक्ष कान्ता कर्दम, सदस्य राज्यसभा मिथलेश कुमार, प्रदेश मीडिया प्रभारी मनीष दीक्षित, प्रदेश मीडिया सहप्रभारीत्र हिमांशु दुबे उपस्थित रहे। मंच का संचालन प्रदेश उपाध्यक्ष बृज बहादुर ने किया।

प्रदेश के उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने कहा कि भाजपा परिवार में शामिल होने वाले सभी लोगों का स्वागत है। लोकसभा का चुनाव घोषित हो चुका है आप सभी के भाजपा से जुड़ने से पार्टी मजबूत होगी। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में विकसित भारत के संकल्प के साथ जुड़कर आप सभी ने सेवा, सुशासन एवं गरीब कल्याण मार्ग चुना है। आप सभी अपने–अपने क्षेत्र और अपने–अपने बूथ पर भाजपा को मजबूत करने के काम में जुट जाइए। कहा कि पिछले चुनाव की अपेक्षा प्रत्येक बूथ पर 370 वोट बढ़ाने का संकल्प लेकर जाइए।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने देश में 400 सीटें जीतने का लक्ष्य भाजपा व सहयोगी दलों के लिए लिया है। इस संकल्प की पूर्ति तभी हो सकेगी जब प्रदेश की सभी 80 सीटें भाजपा की झोली में आए। आप सभी को प्रदेश की सभी 80 सीटों पर भाजपा की बड़ी विजय में सहभागी बनना है। केन्द्र में तीसरी बार मोदी सरकार बनेगी और मोदी जी के नेतृत्व में राजग गठबंधन को 400 से अधिक सीटें मिलेगी।

# 01 मार्च से 05 अप्रैल तक कुल 113.26 करोड़ रुपये कीमत की शराब, ड्रग, बहुमूल्य धातुएं, मुफ्त उपहार व नकदी जब्त की गयी

लखनऊ(आरएनएस)। प्रदेश के मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने बताया कि उत्तर प्रदेश में प्रवर्तन एजेन्सियों व उड़नदस्तों द्वारा अवैध शराब, नकदी आदि की जब्ती संबंधी आयोग के निर्देशों का कड़ाई से अनुपालन किया जा रहा है। भारत निर्वाचन आयोग द्वारा 16 मार्च, 2024 को लोकसभा सामान्य निर्वाचन–2024 की निर्वाचन तिथियों की घोषणा के साथ ही प्रदेश में स्वतंत्र, निष्पक्ष, शांतिपूर्ण, भयमुक्त, प्रलोभनमुक्त, समावेशी व सुरक्षित मतदान कराने के लिए पूरे प्रदेश में आदर्श आचार संहिता प्रभावी है। मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि आबकारी, आयकर, पुलिस एवं नार्कोटिक्स विभाग एवं अन्य प्रवर्तन एजेंसियों द्वारा 01 मार्च से 05 अप्रैल, 2024 तक कुल 113.26 करोड़ रुपये कीमत की शराब, ड्रग, बहुमूल्य धातुएं, मुफ्त उपहार व नगदी आदि जब्त किये गये, इसमें 2087.48 लाख रुपये नकद धनराशि, 2891.98 लाख रुपये कीमत की 851755.96 लीटर शराब, 4431.76 लाख रुपये कीमत की 7256908.79 ग्राम ड्रग, 1778.18 लाख रुपये कीमत की 39163.86 ग्राम बहुमूल्य धातुएं एवं 137.23 लाख रुपये कीमत की अन्य सामग्री जब्त की गयी। आबकारी, आयकर, पुलिस एवं नार्कोटिक्स विभाग एवं अन्य प्रवर्तन एजेंसियों द्वारा 05 अप्रैल, 2024 को कुल 158.60 लाख रुपये कीमत की शराब, ड्रग व नगदी आदि जब्त किया गया। इसमें 31.22 लाख रुपये नकद धनराशि, 72.44 लाख रुपये कीमत की 24523.96 लीटर शराब, 54.93 लाख रुपये कीमत की 122164.16 ग्राम ड्रग जब्त की गयी।05 अप्रैल, 2024 को प्रमुख जब्ती में जनपद हरदोई की हरदोई विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र में 17.33 लाख रुपये अनुमानित कीमत की 1400 ग्राम ड्रग पकड़ी गयी।

# सघन जाच के लिए 513 अंतर्राज्यीय चेक पोस्ट तथा 1843 चेक पोस्ट राज्य के भीतर संचालित

लखनऊ(आरएनएस)। प्रदेश के मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने बताया कि उत्तर प्रदेश में कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए भारत निर्वाचन आयोग के दिशा–निर्देशों का कड़ाई से अनुपालन किया जा रहा है। 16 मार्च, 2024 को लोकसभा सामान्य निर्वाचन–2024 की निर्वाचन तिथियों की घोषणा के साथ ही प्रदेश में स्वतंत्र, निष्पक्ष, शांतिपूर्ण, भयमुक्त, प्रलोभनमुक्त, समावेशी व सुरक्षित मतदान कराने के लिए पूरे प्रदेश में आदर्श आचार संहिता प्रभावी है।मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशों के अनुपालन में पुलिस, आयकर, आबकारी, नार्कोटिक्स एवं अन्य विभागों द्वारा कार्यवाही की जा रही है। सघन जॉच के लिए 513 अंतर्राज्यीय चेक पोस्ट तथा 1843 चेक पोस्ट राज्य के भीतर संचालित हैं। 16 मार्च से 05 अप्रैल, 2024 तक पुलिस विभाग द्वारा अपराधिक व्यक्तियों के 478 लाइसेंसी शस्त्र जब्त किये गये। 3910 लाइसेंसी शस्त्र निरस्त कर जमा कराये गये। इसी प्रकार सीआरपीसी के तहत निरोधात्मक कार्यवाही करते हुए 18,83,558 लोगों को पाबन्द किये जाने हेतु नोटिस प्रेषित किये गये है, जिसमें से 11,59,360 लोगों को पाबन्द किया जा चुका है। इसके अतिरिक्त पुलिस विभाग द्वारा 4206 बिना लाइसेंस के अवैध शस्त्र, 4467 कारतूस, 2066.5 किलोग्राम विस्फोटक व 227 बम बरामद कर सीज किये गये। पुलिस द्वारा अवैध शस्त्र बनाने वाले 1243 केन्द्रों पर रेड डाली गयी और 73 केन्द्रों को सीज किया गया। आदर्श आचार संहिता के अनुपालन में 05 अप्रैल को पुलिस विभाग द्वारा अपराधिक व्यक्तियों के 01 लाइसेंसी शस्त्र जब्त किये गये। 05 लाइसेंसी शस्त्र निरस्त कर जमा कराये गये। सीआरपीसी के तहत निरोधात्मक कार्यवाही करते हुए 74,062 लोगों को पाबन्द किया जा चुका है। साथ ही 366 बिना लाइसेंस के अवैध शस्त्र, 217 कारतूस व 16 बम बरामद कर सीज किये गये। पुलिस द्वारा अवैध शस्त्र बनाने वाले 84 केन्द्रों पर रेड डाली गयी और 02 केन्द्रों को सीज किया गया।

# गौ रक्षा महासंघ ने भाजपा नेता संजय जोशी का देशभर में मनाया जन्मदिन

लखनऊ(आरएनएस)। अखिल भारतीय गौ रक्षा महासंघ ने आज संगठन के मार्गदर्शक व भाजपा नेता संजय जोशी का हर्षोल्लास के साथ 62वा जन्मदिन पूरे देशभर में मनाया। आज महासंघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष कलीम भारतीय ने श्री संजय जोशी के जन्मदिन के मनाने की शुरुआत जानकीपुरम स्थिति गौशाला में पहुंच कर गौमाताओं को हरा चारा व गुड़ खिलाकर की। इसके उपरांत अपराह्न तीन बजे उतरौला हाउस कैसरबाग स्थित केन्द्रीय कार्यालय में महासंघ उत्तर प्रदेश के अध्यक्ष अनिल शुक्ला सहित काफी संख्या में पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं ने केक काटकर भाजपा नेता संजय जोशी का जन्मदिन मनाया और लोगों में मिष्ठान्न का वितरण किया गया। इस मौके पर सूर्य कुमार एडवोकेट, राजेश कुमार पांडे एडवोकेट, प्रमोद नारायण तिवारी, मोहम्मद जुनेद, शोएब हुजूर, अमित शर्मा, अनूप तिवारी, विवेक तिवारी, राहुल पांडे, अनिल पांडे, डॉक्टर रितू बड़वाल, सबा खान, धर्मेंद्र पांडेय आदि लोग उपस्थित थे। इस मौके पर महासंघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष कलीम भारतीय ने बताया कि श्री संजय जोशी का 62वा जन्मदिन लखनऊ सहित देश के विभिन्न हिस्सों मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़, असम, महाराष्ट्र, तमिलनाडु, केरल, दिल्ली, हरियाणा, झारखंड, बिहार, पंजाब आदि प्रदेशों में स्थित गौ रक्षा महासंघ के कार्यालयों में जन्मदिन हर्षोल्लास के साथ जन्मदिन मनाया गया।

# पहले गन्ना किसानों को 10–10 साल नहीं होता था भुगतान

संवाददाता।

लखनऊ मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि पहले 10–10 साल तक गन्ना किसानों को भुगतान नहीं होता था। ऐसे में वे साहूकारों से सूद पर पैसा लेने के लिए मजबूर थे, लेकिन आज प्रदेश में 120 चीनी मिलों में से 105 चीनी मिलें एक सप्ताह के अंदर गन्ना मूल्य का भुगतान कर रही हैं। शेष 15 चीनी मिलों को जल्द से जल्द भुगतान करने के निर्देश दिये जा रहे हैं। अगर वह समय पर गन्ने का भुगतान नहीं करेंगी तो उसे नीलाम करके अन्नदाता किसानों को चीनी मिल का मालिक बनाएंगे। उन्होंने कहा कि पिछले 10 वर्षों में प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भाजपा की सरकार ने देश हित में जो कार्य किए हैं, उसकी वजह से आज देश और दुनिया में डंका बज रहा है। पहली बार अन्नदाता किसान किसी सरकार के एजेंडे का हिस्सा बना है। इसकी पुष्टि प्रधानमंत्री किसान बीमा योजना, प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना, ऋण माफी योजना और प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि आदि योजनाएं बखूबी करती हैं। इसके साथ ही किसानों के मसीहा चौधरी चरण सिंह को सर्वोच्च नागरिक सम्मान 'भारत रत्न' देकर प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी ने अन्नदाता किसानों का सम्मान किया है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि जब सरकार किसी जाति, मत, मजहब के लिए नहीं बल्कि गांव, गरीब, नौजवान और महिलाओं को केंद्र में रख करके कार्य करती तब जातिवाद पीछे छूट जाता है। तब एक ही मंत्र गूंजता है और वह है सबका साथ सबके विकास का मंत्र, जो आज पूरी दुनिया में गूंज रहा है। वर्ष 2014 के पहले भारत पर हंसने वाले आज इसकी ओर मोहित होकर तारीफ कर रहे हैं। दुनिया ने इस सदी की सबसे बड़ी महामारी में प्रधानमंत्रीनरेंद्र मोदी के प्रबंधन और नेतृत्व का लोहा माना है, जो दर्शाता है कि देश की बागडोर मजबूत सरकार के हाथों में है।

# मतदाओं को मतदान के लिए किया जा रहा है जागरूक

लखनऊ(आरएनएस)। लोक सभा निर्वाचन–2024 के अंतर्गत जनपद लखनऊ में 20 मई, 2024 को मतदान की तिथि निर्धारित है। इस निर्वाचन में भारत निर्वाचन आयोग द्वारा न्यूनतम 70 प्रतिशत मतदान का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। लक्ष्य की प्राप्ति हेतु जनपद लखनऊ के मतदाताओं को जागरुक किए जाने के लिए नगर निगम लखनऊ द्वारा विभिन्न गतिविधियां यथा 'चुनाव पाठशाला' का आयोजन, स्थानीय सम्पर्क, फोरम एवं जागरुकता कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे है। इसी के क्रम में आज नगर निगम लखनऊ के जोन क्षेत्रांतर्गत विभिन्न मोहल्ला में 'चुनाव पाठशाला' का आयोजन किया गया जिनमें विभिन्न अधिकारियों द्वारा स्थलीय नागरिको से सम्पर्क कर चुनाव में मतदान प्रतिशत बढाने के लिए जागरुक किया गया, मतदाताओं को बूथ की जानकारी दी गयी तथा मतदान की अपील करते हुए मतदान किए जाने हेतु शपथ दिलायी गयी। उपरोक्त के क्रम में कालीचरण इंटर कालेज में आयोजित किए गए मतदाता जागरुकता कार्यक्रम में 'अतिरिक्त जिला मजिस्ट्रेट द्वितीय' द्वारा विद्यालय के प्राचार्य सहित प्रतिभाग किया गया। कार्यक्रम में सैकड़ो की संख्या में विद्यार्थियों व अधिकारीगणध्कर्मचारीगण उपस्थित रहे। इसके साथ ही नगर में स्थित विभिन्न विद्यालय यथा सेन्ट्रल एकेडमी, जनता इंटर कालेज, कालीचरन इंटर कालेज, स्प्रिंग डेल कालेज, सरस्वती विद्या मंदिर इ.का, राजकीय बालिका इंटर कालेज, अग्रवाल विद्यालय, चंदरनगर इ.का. इत्यादि में मतदान हेतु शपथ दिलायी गयी तथा जनजागरुकता हेतु छात्र–छात्राओं द्वारा क्षेत्र में फेरी का आयोजन किया गया।

# सपा नेत्री मंजू पाठक के पति के निधन पर सपाजनों ने जताया शोक

प्रयागराज (आरएनएस)। समाजवादी महिला सभा की प्रदेश महासचिव श्रीमती मंजू पाठक के पति श्री प्रेम प्रकाश पाठक के निधन पर सपा नेताओं, पदाधिकारियों, कार्यकर्ताओं ने गहरा दुख व्यक्त करते हुए शोक जताया है। श्रीमती मंजू पाठक समाजवादी पार्टी की वरिष्ठ नेत्री और शहर की जानी मानी समाजसेवी हैं। महिलाओं के अधिकार एवं संरक्षण को लेकर लगातार संघर्ष करती रहती हैं। इनके पति पी. पी. पाठक रेलवे में सी आई.

टी. पद पर कार्यरत थे।आज दोपहर में उनका अंतिम संस्कार रसूलाबाद घाट पर किया गया। शोक व्यक्त करने वालों में जिलाध्यक्ष अनिल यादव महानगर अध्यक्ष सैयद इफ्तेखार हुसैन, यमुनापार अध्यक्ष पप्पू लाल निषाद, पूर्व मंत्री लल्लन राय, एमएलसी डॉ मान सिंह यादव, विधायक श्रीमती विजमा यादव, पूर्व विधायक हाजी परवेज अहमद, उज्जवल रमण सिंह, पूर्व अपर महाधिवक्ता कमल सिंह यादव, रविन्द्र यादव एडवोकेट, अमर नाथ सिंह मौर्य, पूर्व प्रमुख संदीप यादव, दुर्गा प्रसाद गुप्ता, दान बहादुर मधुर, सचिन श्रीवास्तव, दीनानाथ यादव, शमशाद अहमद, जोंटी यादव, श्रीमती सुधा यादव, कमला यादव, मंजू यादव, सत्यभामा मिश्रा, पूजा मिश्रा, सुमन शर्मा, प्रतिमा रावत, पद्मा यादव,मीनू खत्री, निर्मला यादव,राजू पासी, इंजी विक्रम सिंह, कुलदीप यादव,रामा यादव, डॉ राजेश, सैयद हामिद अली, अमर कुमार आदि हैं।

# कार्यवाही के बावजूद करा रहे थे अवैध निर्माण, एलडीए ने पुनः सील की दो व्यावसयिक बिल्डिंग

## गोमती नगर के विभूतिखण्ड व अमीनाबाद की गन्ने वाली गली में बिल्डरों द्वारा अवैध रूप से करवाया जा रहा था व्यावसायिक कॉम्पलेक्स का निर्माण

लखनऊ(आरएनएस)। विकास प्राधिकरण द्वारा गोमती नगर व अमीनाबाद में सील किये गये दो व्यावसायिक कॉम्पलेक्स में बिल्डरों ने चोरी–छिपे दोबारा से निर्माण कार्य शुरू करा दिया था। मामला संज्ञान में आने पर प्राधिकरण के उपाध्यक्ष डॉ0 इन्द्रमणि त्रिपाठी ने तत्काल कार्यवाही के निर्देश दिये थे। जिस पर एलडीए के प्रवर्तन दस्ते ने शनिवार को दोनों निर्माणाधीन बिल्डिंगों को पुनः सील कर दिया।सचिव विवेक श्रीवास्तव ने बताया कि शीला गुप्ता व अन्य द्वारा गोमती नगर के विभूतिखण्ड में भूखण्ड संख्या–ए–2 पर लगभग 300 वर्गमीटर क्षेत्रफल में स्वीकृत मानचित्र के विपरीत कॉमर्शियल बिल्डिंग का निर्माण कराया जा रहा था। इसके अलावा नाजनीन फातिमा व अन्य द्वारा अमीनाबाद की गन्ने वाली गली, रानी लक्ष्मीबाई मार्ग स्थित भूखण्ड संख्या–100ध्68 पर लगभग 2000 वर्गफिट क्षेत्रफल में बिना मानचित्र स्वीकृत कराये व्यावसायिक कॉम्पलेक्स का निर्माण कराया जा रहा था। उक्त दोनों प्रकरण में विहित न्यायालय द्वारा वाद योजित करते हुए सीलिंग के आदेश पारित किये गये थे। जिसके अनुपालन में प्रवर्तन जोन–1 व प्रवर्तन जोन–6 की टीम ने दोनों अवैध बिल्डिंगों को पूर्व में सील किया था। इस बीच निर्माणकर्ताओं ने अनाधिकृत रूप से सील तोड़कर स्थल पर पुनः निर्माण कार्य शुरू करवा दिया। मामला संज्ञान में आने पर उपाध्यक्ष महोदय ने सम्बंधित अधिकारियों को तत्काल प्रभाव से कार्यवाही करने के निर्देश दिये थे। शनिवार को प्रवर्तन दस्ते ने प्राधिकरण पुलिस व स्थानीय थाने के पुलिस बल के सहयोग से दोनों निर्माणाधीन भवनों को पुनः सील कर दिया।

# जनरल यात्रा टिकट का अधिक पैसा लेने पर आरद्गपीद्गएफ ने पकड़ा

प्रयागराज (आरएनएस)। प्रयागराज जंक्शन पर एटीवीएम मशीन से टिकट दे रहे बिजनेस फैसिलिटेटर यात्रियों से प्रति टिकट 10–20 से अधिक रुपये ले रहे हैं। ऐसा एक मामला शुक्रवार को सामने आया कई यात्रियों ने फैसिलिटेटर द्वारा टिकट का अधिक पैसा लेने की शिकायत की तो आरपीएफ के एक दारोगा ने पूरे घटनाक्रम का वीडियो बना लिया। फैसिलिटेटर को पूछताछ के लिए आरपीएफ पोस्ट ले जाया जाने लगा तो उसने अपने भाई को फोन कर जानकारी दे दी। कुछ देर में दर्जनों की संख्या में फैसिलिटेटर के भाई व अन्य समर्थक पहुंचकर हंगामा करने लगे। फैसिलिटेटर को पकड़ने वाले दारोगा पर कार्रवाई की मांग को लेकर अधिवक्ताओं ने जीआरपी थाने का घेराव किया। दारोगा द्वारा मारपीट करने मुकदमे में फंसाने गाली–गलौज के आरोप की तहरीर दी गई। आरपीएफ ने वीडियो साक्ष्य होने सीसीटीवी में घटनाक्रम कैद की बात कही तब भी लोग मानने को तैयार नहीं थे बाद में रोहित सोनी नाम के एटीवीएम के बिजनेस फैसिलिटेटर के विरुद्ध रेलवे की धारा 143 में मुकदमा दर्ज किया गया। शनिवार को युवक को रेलवे न्यायालय में पेश किया जाएगा आरपीएफ के सीनियर डीएससी विजय प्रकाश पंडित ने बताया कि शिकायत मिली थी कि फैसिलेटर रोहित सोनी जनरल टिकट पर ओवरचार्जिंग कर रहा है इस पर दारोगा सुधीर कुमार को भेजा गया तो जांच में शिकायत सही मिली उसे पकड़कर आरपीएफ थाने लाया गया वहां कुछ देर बाद पहुंचे उसके भाई अधिवक्ता नितीश कुमार सोनी व समर्थकों ने हंगामा किया और सरकारी कार्य में बाधा पहुंचाई फैसिलेटर पर मुकदमा दर्ज किया गया है उसके भाई के विरुद्ध भी कार्रवाई की जाएगी।

# कांग्रेस के 05 न्याय और 25 गारंटियों से बदलेगी भारत की तस्वीररू मोद्ग शमीम खान

लखनऊ। कांग्रेस पार्टी के माइनॉरिटी डिपार्टमेंट के नेशनल को–आर्डिनेटर एवं उन्नाव लोकसभा प्रभारी मो० शमीम खान ने कहा कि कांग्रेस पार्टी अपने सौ साल के इतिहास में हमेशा जनता की आवाज रही है। आने वाले लोकसभा चुनाव देश की दशा और दिशा बदल देगा। मो० शमीम खान ने कहा कि पिछले 10 वर्षों में भाजपा सरकार ने देश के विकास को रोकने और आर्थिक व सामाजिक रूप से पीछे ढकेलने का काम किया है, उन्होंने कहा कि देश के पिछड़ेपन को दूर कर खुशहाली के रास्ते पर ले जाने का साहस केवल कांग्रेस पार्टी में है, उन्होंने कहा चाहे आधी आबादी को सरकारी नौकरियों में हिस्सा देने की बात हो या किसानों को समर्थन देने की बात हो, चाहे युवाओं को सरकारी नौकरियों से सीधे जोड़ने की बात हो, कांग्रेस पार्टी अपने संकल्प से लोगों की जरूरतों को लेकर उतरी है। इस बार जनता देश में महंगाई, बेरोजगारी, भ्रष्टाचार, घोटालों और अराजकता के विरुद्ध भाजपा सरकार को जवाब देने के लिए तैयार है।

# वाहनों में बीकन लाइट, फ्लैग के दुरुपयोग के 976 मामलों में

लखनऊ(आरएनएस)। प्रदेश के मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग द्वारा 16 मार्च, 2024 को लोकसभा सामान्य निर्वाचन–2024 की निर्वाचन तिथियों की घोषणा के साथ ही प्रदेश में स्वतंत्र, निष्पक्ष, शांतिपूर्ण, भयमुक्त, प्रलोभनमुक्त, समावेशी व सुरक्षित मतदान कराने के लिए पूरे प्रदेश में आदर्श आचार संहिता लागू है।

# इलाहाबाद हाईकोर्ट ने बड़ी संख्या में हुए न्यायिक अधिकारियों के किए स्थानांतरण

प्रयागराज (आरएनएस)। इलाहाबाद हाईकोर्ट ने 322 अपर जिला सत्र न्यायाधीश, 73 सिविल जज (जूनियर डिवीजन) और 192 सिविल जज (सीनियर डिवीजन) रैंक के न्यायिक अधिकारियों के स्थानांतरण को लेकर शुक्रवार को एक अधिसूचना जारी की है। यह जानकारी हाईकोर्ट के महानिबंधक राजीव भारती द्वारा दी गई है। अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश रैंक के न्यायिक अधिकारियों की सूची में राजीव कुमार पालीवाल महोबा से आगरा, विनोद कुमार (पंचम) बलरामपुर से गाजियाबाद, डॉ. सत्यवान सिंह लखनऊ (रजिस्ट्री) से उन्नाव, मोहम्मद आजाद जालौन (उरई) से कुशीनगर (पडरौना), बृजेश कुमार शर्मा प्रयागराज (रजिस्ट्री) से सहारनपुर, अनुतोष कुमार शर्मा वाराणसी से कासगंज, कमलेश कुमार हापुड़ से बस्ती, विजय कुमार आजाद फिरोजाबाद से सीतापुर, चंद्र विजय श्रीनेत मुरादाबाद से बुलंदशहर, छवि अस्थाना गाजियाबाद से रामपुर, राहुल सिंह (द्वितीय) सीतापुर से कानपुर नगर, सुशील कुमार वर्मा चित्रकूट से रायबरेली, चंद्रशेखर मिश्रा मिर्जापुर से मेरठ,

कविता निगम बरेली से बहराइच भेजा गया है।वहीं शैलेंद्र यादव कानपुर नगर से सोनभद्र, रामानंद आजमगढ़ से बरेली, कुमारी पारुल जैन बिजनौर से लखीमपुर खीरी, सुनील सिंह अलीगढ़ से ललितपुर, उत्कर्ष यादव कौशांबी से एटा, स्वप्नदीप सिंघल अमरोहा से मैनपुरी, हरेंद्र प्रसाद मथुरा से मऊ, नीलिमा सिंह सुल्तानपुर से प्रयागराज, मोहम्मद बाबर खान ललितपुर से मेरठ, अभिषेक उपाध्याय सीतापुर से मेरठ, संतोष कुमार गौतम गोरखपुर से मिर्जापुर, ओमवीर सिंह (द्वितीय) मेरठ से देवरिया, सुनील कुमार सिंह (तृतीय) औरैया से हरदोई, विनय तिवारी फतेहपुर से अलीगढ़, मोनिका ठाकुर प्रतापगढ़ से आगरा, कविता मिश्रा लखनऊ से भदोही, महेंद्र सिंह (चतुर्थ) फर्रुखाबाद से सीतापुर, मोना पंवार गौतम बुद्ध नगर से मुरादाबाद, कुमारी अलका चौधरी महोबा से बिजनौर, अमित कुमार पांडेय अयोध्या से रायबरेली, अंजना झांसी से मिर्जापुर, शमीम अहमद अंसारी रामपुर से गोरखपुर, काशी प्रसाद सिंह यादव जौनपुर से लखनऊ, बृजेश कुमार (द्वितीय) सिद्धार्थनगर से मथुरा, शैलेंद्र सचान मुरादाबाद से फर्रुखाबाद, राकेश कुमार तिवारी रायबरेली से कानपुर नगर, कुमार प्रशांत इटावा से लखनऊ स्थानांतरित किया गया है।इसके अलावा सिविल जज (जूनियर डिवीजन) रैंक के स्थानांतरित न्यायिक अधिकारियों की सूची में काव्या श्रीवास्तव लखनऊ से रामपुर, संघमित्रा चित्रकूट से मिर्जापुर, दीक्षा त्यागी आजमगढ़ से गोरखपुर, बिंदु यादव रामपुर से फतेहपुर, शिप्रा सिंह (प्रथम) मेरठ से प्रतापगढ़, आभा प्रयागराज से हापुड़, अभिषेक शर्मा देवरिया से प्रयागराज, मोनिका मिश्रा बिजनौर से बलरामपुर, प्रशांत वर्मा मैनपुरी से कानपुर नगर, पीयूष मूलचंदानी संभल (चंदौसी) से कासगंज, स्वाति वर्मा (द्वितीय) बरेली से जालौन (उरई), पूजा शर्मा बिजनौर से लखीमपुर खीरी, अनुजया कृष्णा बाराबंकी से सुल्तानपुर, सौम्या द्विवेदी कानपुर नगर से सिद्धार्थनगर, यशा शर्मा लखनऊ से कन्नौज, मनाली चंद्रा बदायूं मौजूद रहे।

# नेशनल टीचिंग कम्पटीशन में सी.एम.एस. शिक्षिकाओं ने लहराया परचम

लखनऊ, 6 अप्रैल। सिटी मोन्टेसरी स्कूल, गोमती नगर प्रथम कैम्पस की पाँच शिक्षिकाओं ने राष्ट्रीय स्तर पर आयोजित सेन्टा टीचिंग कोशिएंट टेस्ट (सेन्टा टी.क्यू.) में अपनी शिक्षण प्रतिभा व प्रोफेशनल कौशल का परचम लहराकर लखनऊ का नाम रोशन किया है। सी.एम.एस. गोमती नगर प्रथम कैम्पस की इन शिक्षिकाओं



में सुश्री सोमा चन्द्रा, सुश्री नीतू सापरा, सुश्री मुनमुन चौधरी, सुश्री शेफाली पाण्डेय एवं सुश्री रश्मि अस्थाना शामिल हैं। यह प्रतियोगिता सेन्टर फॉर टीचर एक्रिडिटेशन (सेन्टा) के तत्वावधान में आयोजित हुई, जिसमें देश भर के हजारों विद्यालयों के शिक्षकों ने प्रतिभाग किया। प्रतिभागी शिक्षकों को तीन मुख्य मानकों सब्जेक्ट एक्सपर्टाइज, क्लासरूम कम्युनिकेशन एवं एलीमेन्ट्स ऑफ वर्बल कम्युनिकेशन पर आँका गया। इस राष्ट्रीय प्रतियोगिता में सुश्री सोमा चन्द्रा ने सेकेण्डरी स्कूल बॉयलॉजी, सुश्री नीतू सापरा ने प्राइमरी इंग्लिश, मैथ एवं ईवीएस, सुश्री मुनमुन चौधरी ने कम्प्यूटर साइंस, सुश्री शेफाली चौधरी ने सेकेण्डरी बायलॉजी एवं सुश्री रश्मि अस्थाना ने प्राइमरी मैथ्स में सर्वोत्कृष्ट प्रदर्शन कर शिक्षण प्रतिभा का परचम लहराया है। सी.एम.एस. प्रबन्धक प्रो. गीता गाँधी किंगडन ने इन सभी शिक्षिकाओं को बधाई दी है।सेंटा टीचिंग टेस्ट अपने आप में देश भर के शिक्षकों के लिए शिक्षण उत्कृष्टता का प्रमाण है, जिसे पूरे देश में सराहा जाता है। सेन्टा टीचिंग कोशिएंट टेस्ट का उद्देश्य शिक्षकों की शिक्षणेतर प्रतिभा एवं कौशल विकास को प्रोत्साहित एवं उत्प्रेरित करना है। इस अनूठी प्रतियोगिता में विषयवार ज्ञान, अनुभव एवं उच्च शैक्षणिक मानकों के आधार पर शिक्षकों का चयन किया जाता है।

# पुवायां विधानसभा में वित्त मंत्री सुरेश खन्ना ने लोकसभा चुनाव कार्यालय का किया उद्घाटन

## प्रत्याशी अरुण सागर ने गांव-गांव घर-घर कमल खिलाने का लिया संकल्प

मनोज सक्सेना शाहजहांपुर। शाहजहांपुर पहुंचे वित्त एवं संसदीय कार्य मंत्री सुरेश कुमार खन्ना का भाजपा सांसद व लोकसभा प्रत्याशी अरुण सागर ने समर्थकों के साथ स्वागत किया। उसके बाद लोकसभा चुनाव में प्रत्याशी को जीत दिलाने के लिए वित्त मंत्री पुवायां विधानसभा के सूरज मैरिज लॉन पहुंचकर सभी बूथ अध्यक्षों के साथ सीधा संवाद किया। वित्त मंत्री ने अध्यक्षों को मोदी सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं के बारे में अवगत कराया। उन्होंने कहा कि, सभी अध्यक्ष पूरी लगन के साथ अपने बूथ पर कमल खिलाएं। ताकि देश में फिर से नरेंद्र मोदी को प्रधानमंत्री बनाया जा सके।

कार्यक्रम में भाजपा सांसद व लोकसभा प्रत्याशी अरुण सागर ने भी बूथ अध्यक्षों और वहां पर आए तमाम कार्यकर्ताओं वार्ता की। इस दौरान उन्होंने कहा कि, पांच साल पहले जिस लगन और मेहनत के साथ जिले में कमल का फूल खिलाया था और देश की बागडोर नरेंद्र मोदी के हाथों में दी थी। उसके बाद सबने देखा कि, देश में कैसे विकास गंगा बहाई गई। डबल इंजन की सरकार बनने के बाद उत्तर प्रदेश के साथ साथ जिले में हर वो विकास कार्य कराया गया। जिसका इंतजार जिले की जानता काफी समय से कर रही थी। अब फिर से वही समय आ गया है। सभी को एक होकर अपने अपने क्षेत्रों में जाकर जनता को मोदी सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं से अवगत कराना है और उनसे अपील करना है कि, चौथे चरण में 13 मई को पूरे जिले के हर एक बूथ पर कमल का फूल खिलाया है। तभी बागडोर फिर से नरेंद्र मोदी के हाथों दी जा सके। भाजपा सांसद व लोकसभा प्रत्याशी अरुण अरुण सागर ने कहा कि, शाहजहांपुर जिले में पिछले पांच साल में रोड से लेकर रेलवे स्टेशन और अस्पताल से लेकर सरकारी योजनाओं के बारे देखा है कि, किस तरह से बदलाव आया है। जहां पहले की सरकारों में गरीबों को अस्पताल में इलाज मिलना नसीब नही होता था। आज उसी जिले में राजकीय मेडिकल कॉलेज की देन केंद्र सरकार की है, इसके अलावा रेलवे स्टेशन के लिए करोड़ों रुपये से उसका सौंदर्यीकरण कराया गया। आखिर में सांसद अरुण सागर ने बुथ अध्यक्षों में जोश भरते हुए नारा दिया कि, अबकि बार 400 पार, दूसरी बार 5 लाख पार, फिर एक बार मोदी सरकार, आपका सेवक आपके द्वार ।

कार्यक्रम में जिलाध्यक्ष श्री केसी मिश्रा, लोकसभा प्रभारी श्री रामगोपाल मिश्रा, मा0 विधायक श्री चेतराम, मा0 विधायक श्रीमती सलोना कुशवाहा, लोकसभा संयोजक श्री अरूण गुप्ता, लोकसभा सह–संयोजक श्री शरदवीर सिंह, डीसीबी चेयरमैन श्री डीपीएस राठौर, चेयरमैन श्री संजय गुप्ता, पूर्व अध्यक्ष जि0पं0 श्री अजय प्रताप सिंह यादव, ब्लॉक प्रमुखगण, सम्मानित बूथ अध्यक्षों आदि सभी लोगों की गरिमामयी उपस्थिति रही।






# राष्ट्र को स्थिरता प्रदान करने के लिए जरूरी है मतदान - सुनील कुमार सिंह

झांसी! लोकसभा 2024 के आम चुनाव का बिगुल बज चुका हैं, ऐसे में जन सामान्य को मतदान के लिए जागरूक करने में नागरिक सुरक्षा कोर के वार्डन सबसे आगे है। इसी कडी में जागरूकता कार्यक्रम चलाने के लिए नगरा प्रभाग की पोस्ट संख्या 05 की मासिक बैठक में रणनीति तैयार की गयी किस तरह नागरिक सुरक्षा के वार्डेन्स लोगों को शत प्रतिशत मतदान करने के लिए घर घर जाकर लोगो को प्रोत्साहित करेंगे और पोस्ट स्तर पर अपने क्षेत्र में सेक्टर वार्डन के सहयोग से रैली का आयोजन भी करेगें। नागरिक सुरक्षा के उप नियंत्रक श्री शिवराज सिंह के



आदेशो के अनुपालन में पोस्ट की नियमित मासिक बैठक के आयोजन के अवसर पर वरिष्ठ सहायक उप नियंत्रक श्री सुनील कुमार सिंह एवं प्रभारी सहायक उप नियंत्रक श्री सुमित गौड़ के निर्देशानुसार पोस्ट वार्डन श्रीमती कल्पना सिंह ने मासिक बैठक की अध्यक्षता करते हुए कही। बैठक में उपस्थित वार्डनों को डिप्टी डिवीजनल वार्डन श्री अम्बिका प्रसाद श्रीवास्तव द्वारा मतदाता जागरूकता शपथ भी दिलायी गयी इसके अतिरिक्त हाउस होल्ड रजिस्टर शीघ्रता से पूर्ण किये जाने और फायर फाइटर्स की भर्ती एवं उनके प्रशिक्षण आयोजित कराए जाने पर भी विशेष जोर दिया। बैठक का संचालन करते हुए डिप्टी पोस्ट वार्डन श्री नकुल कुशवाहा ने बताया कि हमेशा की तरह वार्डन पूरी जिम्मेदारी से सामाजिक सौहार्द के लिए तत्पर रहकर आने वाले दिनो में नवरात्रि रामनवमी व ईद के अवसर पर पूरी मुस्तैदी से ड्यूटी करेंगे। आईसीओ श्री राजकुमार साहू एवं एस०ओ०डी०डब्ल्यू०संजीव कुमार साहू ने भी अपने विचार व्यक्त किये। बैठक का आयोजन सेक्टर वार्डन श्री दीपक श्रीवास्तव के सौजन्य से अपने निवास पर किया गया था।बैठक में मोहल्ला रक्षा समिति के सभापति श्री प्रमोद कुमार श्रीवास्तव, शशि कपूर, जॉय बोस, अरूण सैनी, दीपक, विमलेश, अर्चना, रत्ना आदि पदाधिकारी उपस्थित रहे।अंत में आभार श्री दीपक श्रीवास्तव द्वारा व्यक्त किया गया।

# बुंदेलखंड के सबसे बड़े टेक फेस्ट की धूम – उद्घाटन में आयेंगे डी एम एवं सी डी ओ

झांसी! बुंदेलखंड अभियांत्रिकी एवं प्रौद्योगिकी संस्थान, झांसी में आयोजित किए जा रहे वार्षिक उत्सव इन्नोवांजा व साथ ही में आयोजित किए जा रहे बुंदेलखंड स्टार्ट अप उत्सव के उद्घाटन समारोह का शुभारंभ 7 अप्रैल, 2024 को श्री अविनाश कुमार, आई ए एस, जिलाधिकारी, झांसी के कर कमलों द्वारा किया जायेगा। मौके पर श्री जुनैद अहमद, आई ए एस, मुख्य विकास अधिकारी,



झांसी भी विशेष अतिथि के रूप में उपस्थित रहेंगे। इन्नोवंजा एक सुनहरा मौका है छात्रों के लिए अपने कौशल व नवोन्मेष को धार देने का। इन्नोवांजा में हैकाथॉन का आयोजन भी किया जायेगा जिसमें विजेताओं को 18,000 मूल्य के पुरस्कार दिए जाएंगे। इसके अलावा कोड ए थोन, वाटर रॉकेट, डिजाइन कांटेस्ट, पिक्सलेंस, स्कैवेंजर हंट जैसे इवेंट भी आकर्षक पुरस्कारों के साथ आयोजित किए जाएंगे। बुंदेलखंड स्टार्ट अप महोत्सव में पूरे भारत से स्टार्ट अप आमंत्रित हैं। बेस्ट स्टार्ट अप अवार्ड और बेस्ट आइडिया इंप्लीमेंटेड जैसे 30,000 तक के पुरस्कार का प्रावधान है। संस्थान के निदेशक प्रो डॉ दीपेंद्र सिंह ने कहा कि ऐसे आयोजनों में बढ़ चढ़ कर भाग लेना चाहिए। बी आई आई सी एफ की निदेशक प्रो डॉ शहनाज अयूब ने कहा कि यह एक सुनहरा अवसर है अपने व्यक्तित्व में निखार लाने का। साथ ही उन्होंने दोहराया कि उनका पूरा समर्थन छात्रों के साथ है एवम इसके विकास के लिए वे हरसंभव सहायता करने को तैयार हैं

# बुन्देलखण्ड के मुददों को अपने घोषणा पत्रों में शामिल करे राजनैतिक दल

झांसी । राही वीरागंना के सभागार में जल सहेली फॉउण्डेशन के द्वारा लोकसभा चुनाव 2024 हेतु बुंदेलखंड के विशेष संदर्भ में जन घोषणा पत्र जारी किया।प्रेस वार्ता को जल सहेली मीरा देवी ने संबोधित करते हुए कहा कि बुंदेलखंड देश का एक अलग भौगोलिक एवं सांस्कृतिक भू भाग है जहाँ की जलवायु और जैव विविधिता प्रदेश के अन्य हिस्सों से अलग है जिसके लिए सभी राजनैतिक दलों को बुंदेलखंड के लिए पृथक रूप से महत्त्व देने की आवश्यकता है। हमने इस घोषणा पत्र में बुन्देलखण्ड के उन तमाम अहम् मुद्दों को शामिल किया गया है। जिसे सभी राजनैतिक दलों द्वारा अपने घोषणा पत्र में भी समावेश करना चाहिए।जल सहेली मंजूलता ने कहा कि जन घोषणा पत्र में मुख्य रूप से जल संकट, आपदा प्रबंधन एवं जलवायु परिवर्तन को केन्द्र में रखकर बनाया गया है। जिसमें शिक्षा, महिला अधिकार, सामाजिक सुरक्षा, बेरोजगारी, पर्यावरण, पर्यटन, कला एवं संस्कृति की समस्याओं को शामिल किया गया है। उन्होंने कहा कि बुन्देलखण्ड मे स्थित बुंदेली एवं चंदेलकालीन तालाबों के संरक्षण के लिए सरकार को एक अलग से कार्ययोजना बनाने की जरूरत है।वार्ता में शामिल हुई अन्य जल सहेलियों ने जल संरक्षण जैसे अहम मुद्दे को प्रमुख रूप से पत्रकारों के समक्ष रखा। उन्होंने अपनी माँगों को राजनेताओं तक पहुँचने के लिये पत्रकारों से अपील की।इस मौके पर मीना, रेखा सहित तमाम जल सहेलियाँ उपस्थित रही।



# भक्तों ने श्रीमहंत नारायण गिरि को दिया अनमोल तोहफा

गाजियाबादः श्री दूधेश्वर पीठाधीश्वर, श्रीपंच दशनाम जूना अखाडा के अंतरराष्ट्रीय प्रवक्ता, दिल्ली संत महामंडल के राष्ट्रीय अध्यक्ष व हिंदू यूनाइटिड फ्रंट के अध्यक्ष श्रीमहंत नारायण गिरि महाराज के भक्तों ने शुक्रवार को उन्हें अनमोल तोहफा दिया। उन्होंने मंदिर में 65 दीये जलाकर व भंडारे का आयोजन महाराजश्री का जन्मदिवस मनाया और उनका आशीर्वाद लिया। महाराजश्री का



शुक्रवार 5 अप्रैल को 65 जन्मदिवस था। वे जन्मदिवस नहीं मनाते हैं मगर मंदिर के स्वयंसेवकों, भक्तों व दिल्ली संत महामंडल के संतों के स्नेह, प्यार व सम्मान को देखते हुए उनकी भावनाओं का सम्मान करते हुए उन्होंने सादगी से भगवान दूधेश्वर व गुरू मूर्तियों की पूजा–अर्चना कर अपना जन्मदिवस मनाया। श्रीमहंत नारायण गिरि शुक्रवार को हरिद्वार में आयोजित संत आशीर्वाद समारोह में भाग लेने के लिए गए जिसके मुख्य अतिथि भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जे पी नडडा थे। वहां से वे सांय 5 बजे मंदिर पहुंचे तो बंगलुरू की राधिका गोस्वामी, विष्णु प्रिया, ज्योति पंडित, महेश पंडित, श्री दूधेश्वर वेद विद्या पीठ के आचार्य व महाराजश्री के साथ बचपन से रहने वाले अमित शर्मा, पीछ के सचिव लक्ष्मीकांत त्रिपाठी, आचार्य तयोराज उपाध्याय, अनिल पाढी, विकास पांडे, रोहित त्रिपाठी, श्री दूधेश्वर श्रृंगार सेवा समिति के अध्यक्ष विजय मित्तल, समाजसेवी चोपड़ा आदि ने उनके जन्मदिवस की सारी तैयारी कर रखी थी। महाराजश्री ने कहा कि संतों का जन्मदिवस नहीं मनाया जाता है मगर सभी के आग्रह, स्नेह व प्यार को देखते हुए वे सादगी से जन्मदिवस मनाने को तैयार हुए। सभी भक्तों ने मंदिर में 65 दीये जलाकर व भगवान दूधेश्वर तथा गुरूमूर्तियों की पूजा–अर्चना कर महाराजश्री के अच्छे स्वास्थ्य, दीधार्यु जीवन तथा उनके इसी प्रकार सनातन धर्म की पताका पूरे विश्व में निरंतर फहराते रहने की प्रार्थना की। भक्तों ने भंडारे का आयोजन भी किया, जिसमें बडी संख्या में भक्तों व संतों ने प्रसाद ग्रहण किया। दिल्ली संत महामंडल से महामंडलेश्वर नवल किशोर दास महाराज, महामंडलेश्वर विद्या गिरि, महामंडलेश्वर कंचन गिरि महाराज, श्रीमहंत धीरेंद्र पुरी महाराज, प्राचीन देवी मंदिर दिल्ली गेट के महंत गिरिशानंद गिरि महाराज ने भी उनके अच्छे स्वास्थ्य व दीधार्यु जीवन के लिए प्रार्थना की। श्रीमहंत नारायण गिरि ने कहा कि उनका जन्म 5 अप्रैल को राजस्थान के बाडमेर जिले के तेलवाडा में प्रातः 6 बजकर 11 मिनट पर हुआ था। वे वर्ष 1977 में श्री दूधेश्वर नाथ मठ महादेव मंदिर आ गए थे और तब से निरंतर भगवान दूधेश्वर की सेवा करते हुए उन्हें 48 वर्ष हो गए हैं। 40 वर्ष से वे मंदिर के पीठाधीश्वर हैं। वे पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी के गुरू धीरेंद्र ब्रहमचारी, आचार्य रजनीश, चंद्रास्वामी जैसे बडे संतों के साथ रहे। भक्तों ने उनसे भी कहा कि वे भी इनके समान ही बडे व महान संत बनें, मगर उनकी तो जीवन की एक ही इच्छा, सपना व लक्ष्य हमेशा भगवान का सेवक बनना ही रहा। वे हमेशा कहते हैं कि महान मुश्किल नहीं है। सरल बनना बहुत मुश्किल है क्योंकि भगवान का वास महानता में नहीं सरलता में होता है। लोगों ने उनसे चुनाव लडने के लिए भी कहा मगर उन्होंने साफ मना कर दिया क्योंकि जिसको बाबा अमरनाथ, भगवान दूधेश्वर की सेवा करने तथा भगवान श्री रामलला के प्राण प्रतिष्ठा समारोह में शामिल होने व उनके दर्शन–पूजन करने का सौभाग्य मिल गया, उसे दुनियादारी व सांसारिक मोह–माया से क्या लेना–देना। मेरी तो भगवान से यही प्रार्थना है कि वे पूरे जीवन इसी प्रकार अपनी सेवा करने का सौभाग्य प्रदान करते रहें। महाराजश्री ने उनका जन्मदिवस मनाने के लिए मंदिर के सभी आचार्यो, स्वयंसेवकों, विद्यार्थियों, भक्तों, दिल्ली संत महामंडल के सभी संतों तथा सोशल मीडिया पर भी उनके ज्नमदिवस पर उनके लिए भगवान से प्रार्थना करने वालों का आभार व्यक्त किया। महाराजश्री को जन्मदिवस की बधाई देने के लिए भक्तों का देर रात तक तांता लगा रहा। देश के कई शहरों से भक्त उन्हें जन्मदिन की बधाई देने के लिए आए। वार्ड 55 के पार्षद संतोष सिंह राणा,जाकिर अली सैफी पूर्व सभासद, एमएलसी सुरेंद्र चौधरी प्रतिनिधि जितेंद्र गौड धोबी, श्री राम सेना के जिला अध्यक्ष राजेश कुमार, स्पर्श अग्रवाल, राकेश वर्मा, अजय शर्मा, हरिओम शर्मा,ण मोंटी ठाकुर, सुनील शर्मा आदि ने श्रीमहंत नारायण गिरी को पगड़ी एवं पटका पहनकर जन्मदिन की बधाई एवं शुभकामनाएं दी व उनका आशीर्वाद प्राप्त किया।

# पूर्व मंत्री अनीस मंसूरी के पैतृक आवास पर रोजा इफ्तार पार्टी का एहतमाम

प्रतापगढ़ , आज परियावां में पसमांदा मुस्लिम समाज के राष्ट्रीय अध्यक्ष पूर्व मंत्री अनीस मंसूरी जी के पैतृक आवास पर एक अजीमु शशान रोजा इफ्तार पार्टी का एहतमाम किया गय जिसमें



मुकामी लोगों के साथ साथ आस पास के काफी लोगों ने भारी तादाद शिरकत की। इफ्तार के वक्त हजरत मौलाना हाफिज अब्दुल रहमान ने मुल्क में अमन, भाईचारा, देश वासियों के उत्थान के लिये दुआयें कीं।इस मौके पर मुग्गन अली मंसूरी, मो शमीम,सईद अहमद,रईस प्रधान, मुश्ताक अहमद, लाल मियां हाफिज अब्दुल रहमान,पूर्व जिला पंचायत सदस्य बी एल यादव, पूर्व जिला पंचायत सदस्य योगेन्द्र सिंह, प्रधान सोनामऊ सुरेश यादव, प्रधान संजय तिवारी, बड़े राजा, विजय अग्रहरी पत्रकार, संजय शुक्ल, कुल्लू शुक्ला, रमन यादव, राजू सिंह मौजूद रहे।

# फ्लैग मार्च कर पुलिस ने अराजक तत्वों को दी चेतावनी,आम जनता को सुरक्षा का दिलाया भरोसा

झांसी! बबीना थाना बबीना क्षेत्रा अन्तर्गत ग्राम चमरौआ, कोटी,मुरारी, सरवा मे आईटीबीपी फोर्स के साथ आगामी लोकसभा



चुनाव के द्रष्टिगत पैदल गस्तध्फ्लैग मार्च किया गया व आम जनता को लोकसभा चुनाव को सकुशल सम्पन्न कराने हेतु आश्वासन दिया गया । फ्लैग मार्च मे आईटीबीपी बटालियन की थर्ड कम्पनी कमाण्डर निरीक्षक सुधीर कुमार मय 02 प्लाटून के साथ थानाध्यक्ष बबीना अरूण कुमार तिवारी , चौकी प्रभारी भेल शिवजीत सिंह. चौकी प्रभारी बेदौरा संदीप कुमार वर्मा. कस्बा इंचार्ज उ0नि0 सर्वेश कुमार, उ0नि0 सौरभ कुशवाहा ,उ0नि0 जगत सिंह, उ0नि0 रणजीत सिंह, उ0नि0 चन्द्रशेखर, का० धर्मेन्द्र कुमार, रामबाबू, अचल सिंह, पवन कुमार, आनन्द प्रकाश, शैलेश शुक्ला, प्रवीण कुमार, शीलदर्शन, अरविन्द कुमार ,अरूण कुमार, लवकुश पाण्डेय, सुमित कुमार, अनस प्रताप , दिव्या शुक्ला, ज्योति,सहित समस्त फोर्स मौजूद रहा ।

# पुलिसकर्मियों की महिला परिवारीजनो का कौशल दीक्षांत समारोह संपन्न ।

लखनऊ । कौशल विकास एवं उद्यमशीलता मंत्रालय भारत सरकार के जन शिक्षण संस्थान गोमती नगर लखनऊ एवं रिजर्व



पुलिस लाइन्स लखनऊ के संयुक्त तत्वावधान में पुलिस कर्मियों के महिला परिवारीजनों हेतु निशुल्क अयोजित 105 दिवसीय असिस्टेंट ड्रेस मेकर और ब्यूटी केयर असिस्टेंट कौशल प्रशिक्षण कार्यक्रमों में सफल 60 महिलाओं का कौशल दीक्षांत समारोह का आयोजन आज पुलिस लाइन्स के संगोष्ठी भवन में किया गया । कार्यक्रम में उप पुलिस आयुक्त अपराध ध् यातायातध लाइंस सलमान ताज पाटिल मुख्य अथिति के रुप में उपस्थित रहे उन्होंने कहा कि लाइन्स में निवास कर रही महिलाओं से कहा कि वे अपने व्यस्तम समय में कुछ समय निकालकर हुनर प्राप्त करें और स्वाबलंबी बन अपना व अपने परिवार का आर्थिक उन्नयन करें इससे उनमें आत्मविश्वास जागृत होगा। इसके लिए पुलिस विभाग और जन शिक्षण संस्थान द्वारा उनका भरपूर सहयोग किया जाएगा । उन्होंने कहा कि पुलिस लाइन्स परिसर में निवास करने वाले सभी युवा व महिलाएं कौशल प्राप्त कर इसे अपने रोजगार का हथियार बनाएं। संस्थान के निदेशक अनिल कुमार श्रीवास्तव ने बताया कि पुलिस आयुक्त की पहल पर अन्य प्रशिक्षणों के साथ ही महिलाओं को कंप्यूटर प्रशिक्षण भी प्रदान किया गया जिससे वे तकनीकी रूप से और अधिक सबल व सशक्त बन सकें क्योंकि आज कंप्यूटर के क्षेत्र में रोजगार तथा स्वरोजगार की असीमित संभावनाएं हैं। विशिष्ठ अथिति के रूप में उपस्थित रहीं विषय विशेषज्ञ शोधार्थी डॉ सौम्यता पाण्डेय ने कार्यस्थल पर महिलाओं यौन उत्पीड़न अधिनियम 2013 के विषय में जानकारी देते हुए कहा कि महिलाएं अपने अधिकारों के सजग हो नवीनतम जानकारियां प्राप्त करते रहें । आज महिलाएं जीवन के हर क्षेत्र में अपनी योग्यता का लोहा मनवा चुकी हैं। इस अवसर पर महिलाओं ने प्रशिक्षण के दौरान निर्मित किए गए आकर्षक परिधानों को भी प्रदर्शित किया ।

सहायक पुलिस आयुक्त किरन यादव ने धन्यवाद ज्ञापित करते हुए कहा कि लाइंस की महिलाएं कौशल प्रशिक्षण विशेषकर ब्यूटी पार्लर का प्रशिक्षण प्राप्त कर धनोपार्जन करें। इसके लिए विभाग उनका भरपूर सहयोग करेगा । कार्यक्रम का सफल संचालन संस्थान की क्षेत्र कार्यक्रम सहयोगी प्रतिभा बाल्यान तथा संयोजन कार्यक्रम अधिकारी पन्नालाल ने किया । इस अवसर पर संस्थान की कार्यक्रम सहायक नीतू यादव , संगणक संचालक कल्पना सिंह व लगभग 100 महिलाओं सहित लाइन्स के कई अधिकारी उपस्थित रहे ।

# संपादकीय

## चोरी फिर भी सीनाजोरी

चुनाव के दिनों में लोकतांत्रिक हथियार के रूप में आरोप प्रत्यारोप का खेल खूब देखा जाता रहा है, मगर फाइनेंसियल टूल को चुनाव लडने का हथियार बना लेना यह 2024 के लोकसभा चुनाव को सबसे अलग बना रहा है।

इन्कम टैक्स डिपार्टमेंट का विपक्षी दलों को नोटिस भेजना भले एक रूटीन काम हो सकता है, मगर इसकी टाइमिंग विपक्ष को सत्तारूढ़ दल पर हमला करने का मौका जरूर दे रही है।

वैसे देखा जाए तो पहले भी सत्तासीन पार्टियों द्वारा ऐसी संस्थाओं के उपयोग की कहानी न्यायालयों द्वारा भी दुरुपयोग के विशेषण से नवाजी गई है परन्तु अबकी यह मामला प्रभाव क्षेत्र के हिसाब से बहुत आगे निकल गया है। इन्कम टैक्स का नोटिस सबसे बड़े विपक्षी दल कांग्रेस के लिए अस्तित्व का संकट लेकर आया है। शनिवार को जारी किये गए डिमांड नोटिस के बाद कांग्रेस पर आयकर विभाग का कुल लगभग 3,567 करोड़ रूपये बकाया बैठता है। ताजा डिमांड नोटिस 1745 करोड़ रूपये का है जो वित्त वर्ष 2014– 2015, 2015– 2016 और 2016– 2017 का है। हालांकि इसकी आशंका कांग्रेस शुक्रवार की अपनी प्रेस कॉन्फ्रेंस में जाहिर कर चुकी थी कि उसे अभी और परेशान किया जाएगा। इसके पहले जो कांग्रेस को नोटिस मिला था वह 1823 करोड़ रूपये का था। यह बकाया पांच अलग–अलग वित्तीय वर्षों के लिए था और इसमें मूल और ब्याज दोनों राशियां शामिल है। दिलचस्प बात यह भी है कि इस नोटिस में वित्तीय वर्ष 1994–1995 में कांग्रेस पार्टी द्वारा वित्तीय गड़बड़ी और टैक्स की हेरा फेरी का वित्तीय दंड भी शामिल है।

आयकर विभाग के ये नोटिस कांग्रेस पार्टी के अस्तित्व पर बहुत बड़ा प्रश्न चिन्ह बनकर इसलिए खड़े हो गए हैं क्योंकि पार्टी ने 2023– 2024 के आयकर रिटर्न में पार्टी की कुल संपत्ति ही 1430 करोड़ रूपये बतायी थी। इसमें 657 करोड़ रूपये का फंड, 340 करोड़ की चल अचल संपत्ति और लगभग 388 करोड़ का लिक्विड कैश बताया है। इसका सीधा अर्थ यह है कि पार्टी अपनी कुल संपत्ति बेचकर भी आयकर विभाग का फाइन नहीं भर सकती। अगर ऐसा होता है तो कांग्रेस पार्टी दिवालिया घोषित हो जाएगी। अगर ऐसा हुआ तो यह भारतीय राजनीति की एक ऐसा घटना होगी जो अगर सकारात्मक प्रभाव को लेकर आगे बढ़ी तो कभी भी कोई पोलिटिकल पार्टी इन्कम टैक्स के नियमों को सुविधानुसार उपयोग में लाने की भूल से बचेगी। लेकिन अगर इसी को नकारात्मक रूप से इस्तेमाल किया जाने लगा तो बदले की भावना से ग्रसित होकर स्वयं सत्ता में आने पर पूर्वकालिक सत्तारूढ़ पार्टियों के ऊपर भी ऐसी ही कार्यवाही करेगी। राहुल गांधी प्रेस कॉन्फ्रेंस में इस बात की धमकी दे चुके हैं। अब सवाल यह उठता है कि कांग्रेस और समस्त इंडिया गठबंधन आयकर विभाग के नोटिस को जिस तरह से गलत बता रहा है वो नोटिस सही हैं या गलत शनिवार को जारी 1745 करोड़ रूपये के नोटिस के अलावा दूसरा मामला 1700 करोड़ के नोटिस का है। मामला 2017 से 2021 के बीच कांग्रेस को कैश के रूप में मिले चंदे और अन्य कैश अनियमितताओं से जुड़ा है। इसमें लगभग 526 करोड़ रूपये शामिल हैं, जिसका स्पष्ट हिसाब–किताब कांग्रेस के पास नहीं है। दरअसल 2019 में आयकर विभाग के कई छापों के दौरान यह बात खुल कर सामने आई थी कि दो कंपनियां मेधा इंजीनियरिंग और कमलनाथ के करीबी की एक कम्पनी ने कैश में कांग्रेस को ये पैसे दिए हैं। आयकर विभाग को इन कंपनियों द्वारा कांग्रेस को ट्रांजेक्शन की रसीद मिली है। सूत्रों के अनुसार 20 करोड़ के एक पेमेंट का ब्यौरा आयकर विभाग के पास ऐसा भी है जिसमें कमलनाथ के जरिये पैसा सीधे कांग्रेस ऑफिस को गया है। आयकर विभाग दावा कर रहा है कि ये सारे पैसे रिश्वत के हैं जिसे मध्य प्रदेश में मंत्रियों और अफसरों को दिया गया था और जो घूम फिर कर कांग्रेस पार्टी को फंड के रूप में मिला है। यह आयकर कानून के सेक्शन 13() का उल्लंघन है जिसके अनुसार 2,000 रूपये से ज्यादा कैश पेमेंट कोई पार्टी नहीं ले सकती। इसी तरह तीसरा मामला 135 करोड़ का है। यह 2018–2019 के बीच का है। इस दौरान कांग्रेस ने साढ़े 14 लाख रुपये का दान नकद में लिया और टैक्स रिटर्न भी 33 दिन की देरी से फाइल किया था। इसका परिणाम यह हुआ कि उस वित्त वर्ष में कांग्रेस की कुल आय को ही टैक्स रिबेट के दायरे से बाहर कर दिया गया जो 135 करोड़ था। राजनीतिक दलों को इनकम टैक्स में छूट आयकर कानून की धारा 13(1) के तहत क्लेम करनी पड़ती है। कांग्रेस पर इसी प्रावधान के उल्लंघन का आरोप है। चूंकि पार्टी ने इस वित्त वर्ष के दौरान 33 दिन की देरी से टैक्स रिटर्न फाइल किया तो आयकर विभाग ने कांग्रेस की कुल 199 करोड़ की आय पर टैक्स के छूट के दावे को खारिज कर दिया। हालांकि 2021 में विभाग ने 105 करोड़ की अनियमितता के एवज में नियमानुसार 20 फीसदी यानी 21 करोड़ चुकाने को कहा था जिसके बाद केस की सुनवाई तक स्टे लग जाता। पर कांग्रेस ने ऐसा नहीं किया। परिणामस्वरूप 16 मार्च को आयकर विभाग ने कांग्रेस के बैंक खातों से 135 करोड़ रुपये की वसूली कर ली। इसमें से 103 करोड़ के करीब का जुर्माना था और बाकी के 21 करोड़ इस जुर्माने पर लगे ब्याज की रकम थी। यह अमाउंट लियन है अर्थात बैंक अकॉउंट में फाइन वाली अमाउंट पर रोक लगा दी गई है, बाकी पैसों को पार्टी खर्च कर सकती है। यहीं कांग्रेस झूठ का भ्रम फैला रही है कि उसके बैंक अकॉउंट फ्रीज कर दिये गये हैं। मगर वास्तव में ऐसा है नहीं। अब इनके अकॉउंट में सिर्फ फाइन जितने पैसे थे तो क्या ही किया जा सकता है और अब तो कुल फाइन जितने पैसे भी कांग्रेस के एकाउण्ट में नहीं बचे हैं। चौथा मामला 1994–95 की आय और उससे जुड़े हिसाब–किताब की गड़बड़ी से है। इस केस में आयकर विभाग ने पार्टी पर 53 करोड़ का जुर्माना लगाया है। यहां भी आयकर कानून की धारा 13 के सेक्शन ए के उल्लंघन की बात की जा रही है। कांग्रेस पार्टी के अलावा तृणमूल कांग्रेस को भी आयकर विभाग का नोटिस मिला है। इसके अलावा सीपीआई को भी 11 करोड़ का नोटिस विभाग ने भेजा है। पार्टियां अगर चाहती तो इन सारे नोटिस में फाइन अमाउंट का 20त्न जमा कर नोटिस के विरुद्ध क्लेम में जा सकती थी। इससे बैंक के भी लेन देन में रोक नहीं लगती, ना ही कोई अमाउंट रोका जाता। लेकिन ऐसा करने के बजाय कांग्रेस अदालत के दरवाजे पर पहुंच गयी। दिल्ली उच्च न्यायालय कांग्रेस पार्टी के नोटिस पर स्टे की गुहार को खघरिज कर चुका है। आयकर ट्रिब्यूनल ने भी मामले में पुनरू अवलोकन से इन्कार कर दिया है। अब कांग्रेस चाहे कितनी भी दुहाई दे कि पुराने मामलों को री– इन्वेस्टीगेट कर भाजपा गलत कर रही या ऐसे ही अनियमितता भाजपा ने भी बरती है तो उस पर कार्यवाही क्यों नहीं ये राजनीतिक सवाल हैं परंतु सच यही है कि पैसे के लेन देन में कांग्रेस पार्टी ने नियमों को ताख पर रखा है। जब सामान्य तरीके से वो अपनी छूट का लाभ ले सकते थे तब भी उनकी ओर से अनदेखी की गयी। अब कानून के अनुसार आयकर विभाग कार्रवाई कर रहा है तो कांग्रेस सहित विपक्षी पार्टियां इसे राजनीतिक रंग दे रही हैं। यह चोरी के बाद सीनाजोरी वाली कहावत को चरितार्थ करने जैसा है। बहरहाल, सुप्रीम कोर्ट में आयकर विभाग ने आज सूचित किया है कि वह जुलाई तक कांग्रेस के खिलाफ किसी प्रकार की जब्ती या वसूली की कार्रवाई नहीं करेगा क्योंकि चुनाव चल रहे हैं। जुलाई में आयकर विभाग क्या करेगा या फिर कांग्रेस क्या करती है, यह उस समय पता चलेगा, लेकिन कांग्रेस के सामने जो टैक्स संकट खड़ा हुआ है वह उसकी अपनी गलतियों का नतीजा है। इसका केन्द्र सरकार पर दोषारोपण उचित नहीं होगा।

# गांधी परिवार के सामने क्या बड़ी सियासी लाइन खींचना चाहते हैं राबर्ट वाड्रा ?

रॉबर्ट वाड्रा के अमेठी से चुनाव लड़ने की इच्छा जाहिर करने के बाद इतना जरूर हुआ है कि अब कांग्रेस का ध्यान इस ओर लगा हुआ है कि अमेठी की चुनावी रणभूमि में जल्द से जल्द अपना योद्धा उतारकर कमजोर हो रहे कार्यकर्ताओं को मजबूती देने का है। कांग्रेस महासचिव प्रियंका वाड्रा के पति और राहुल गांधी के जीजा रॉबर्ट वाड्रा ने अमेठी से लोकसभा चुनाव लड़ने की इच्छा जाता कर अमेठी की राजनीति में सनसनी फैला दी है। रॉबर्ट वाड्रा का नाम कहीं और से चर्चा में नहीं आया। वाड्रा ने स्वयं अमेठी से चुनाव लड़ने की इच्छा जताई है, लेकिन संभवता गांधी परिवार के लिये यह फैसला लेना मुश्किल होगा कि रॉबर्ट को अमेठी से चुनाव लड़ाया जाये। इसके पीछे ठोस आधार भी है। रॉबर्ट को लड़ाने में सबसे बड़ी समस्या यह है कि उनकी छवि काफी खराब यानी एक भ्रष्टाचारी के रूप में बनी हुई है। रॉबर्ट को अमेठी से चुनाव लड़ाया गया तो बीजेपी के लिये कांग्रेस और गांधी परिवार पर भ्रष्टाचार को लेकर हमला तेज करने का और भी मौका मिल जायेगा। फिर रॉबर्ट की कोई सियासी पहचान भी नहीं है। रॉबर्ट को चुनाव लड़ने पर यदि गांधी परिवार के भीतर सहमति बनी हुई होती तो कांग्रेसियों की एक बड़ी फौज रॉबर्ट को चुनाव लड़ाने के लिये हो हल्ला मचाने लगती,लेकिन ऐसा हो नहीं रहा है। इस मतलब साफ है कि रॉबर्ट वाड्रा अपनी ससुराल से अलग लाइन पर चल रहे हैं। दरअसल, रॉबर्ट चुनाव लड़कर कांग्रेस में अपना रूतबा बढ़ाना चाहते हैं। ऐसे में वह राहुल गांधी के समानांतर खड़े नजर आ सकते हैं। कुल मिलाकर रॉबर्ट वाड्रा गांधी परिवार के सामने एक बड़ी लाइन खींचना चाहते हैं। वह गांधी परिवार को चुनौती देते दिख सकते हैं। इसलिये राबर्ट का अमेठी से चुनाव लड़ने का सपना पूरा होता नहीं दिख रहा है। खैर, रॉबर्ट वाड्रा के अमेठी से चुनाव लड़ने की इच्छा जाहिर करने के बाद इतना जरूर हुआ है कि अब कांग्रेस का ध्यान इस ओर लगा हुआ है कि अमेठी की चुनावी रणभूमि में जल्द से जल्द अपना योद्धा उतारकर कमजोर हो रहे कार्यकर्ताओं को मजबूती देने का है। माना जा रहा है कि पार्टी अब कांग्रेस विधानमंडल दल की नेता प्रतापगढ़ से रामपुर खास से विधायक आराधना मिश्रा मोना पर दांव खेल सकती है। अब सभी को कांग्रेस राहुल गांधी की हां और न का ही इंतजार है। राहुल गांधी की ओर से तस्वीर साफ होते ही किसी एक प्रत्याशी का नाम उजागर हो जायेगा। वहीं, कांग्रेस के अमेठी के जिलाध्यक्ष प्रदीप सिंघल ने एक बार फिर अपनी बात दोहराते हुए कहा कि हमारे हिसाब से तो राहुल भइया ही अमेठी से चुनाव लड़ेंगे और जीतेंगे। गौरतलब हो, रॉबर्ट वाड्रा ने एक समाचार एजेंसी से बातचीत करते हुए कहा कि अमेठी के लोग चाहते हैं कि उनके निर्वाचन क्षेत्र का प्रतिनिधित्व करूं। वर्षों तक गांधी परिवार ने रायबरेली व अमेठी में कड़ी मेहनत की। अमेठी के लोग वास्तव में वर्तमान सांसद (स्मृति ईरानी) से परेशान हैं, मतदाताओं को लगता है कि उन्होंने स्मृति ईरानी को चुनकर गलती की है। बहरहाल, कांग्रेस उत्तर प्रदेश की 80 लोकसभा सीटों पर अखिलेश यादव के साथ मिलकर लोकसभा चुनाव लड़ रही है। कांग्रेस को अमेठी और रायबरेली समेत 17 सीटें लड़ने के लिए मिली हैं। अमेठी और रायबरेली सीट पर कांग्रेस ने अभी तक अपने उम्मीदवारों का ऐलान नहीं किया है। इन दोनों ही सीटों पर संशय बना हुआ है। ये दोनों सीटें अहम हैं, क्योंकि ये सीटें हमेशा गांधी परिवार का गढ़ रही हैं। हालांकि, 2019 में राहुल गांधी अमेठी सीट हार गए थे। दशकों तक जिस अमेठी में गांधी–नेहरु परिवार का डंका बजता था। आज उसी अमेठी में भाजपा की स्मृति का जादू चल रहा है। दस साल पहले आम चुनाव 2014 में भाजपा प्रत्याशी के रूप में कांग्रेस नेता राहुल गांधी से मुकाबला करने अमेठी आई स्मृति ईरानी ने मात्र 23 दिनों में ही यहां के लोगों से कुछ ऐसा नाता जोड़ा कि उन्हें तीन लाख



से अधिक मत प्राप्त हुए। मोदी सरकार में स्मृति ईरानी को हार के बाद भी मंत्री बनाया गया। इसी के साथ स्मृति ने अमेठी में अपनी सक्रियता बढ़ा दी। स्मृति की सक्रियता का लाभ भाजपा को मिलने लगा और एक के बाद एक चुनाव परिणाम भाजपा के पक्ष में आने लगे। गांव–गांव, घर–घर स्मृति अपनी नई पहचान बनाने में पूरी तरह सफल रही। आम चुनाव 2019 में स्मृति अमेठी में भाजपा का कमल खिलाने में कामयाब हुई। इसी के साथ कांग्रेस अध्यक्ष राहुल गांधी की जीत का सिलसिला भी चौथी बार थम गया। इससे पहले राहुल गांधी ने 2004, 2009 व 2014 में अमेठी हैट्रिक लगा चुके थे। अमेठी के चुनावी रणभूमि में भले ही अभी तक केंद्रीय मंत्री व सांसद स्मृति ईरानी अकेली घोषित योद्धा हों पर उनकी सक्रियता चुनाव को लेकर काफी बढ़ गई है। पिछले चार दिन वह अमेठी में रहकर बूथवार चुनावी लड़ाई में बड़ी जीत के लिए रणनीति बनाने में जुटी रही। वर्ष 1967 में अस्तित्व में आई अमेठी संसदीय सीट में कुल पांच विधानसभाएं हैं। इनमें अमेठी, जगदीशपुर, गौरीगंज व तिलोई अमेठी जिले की हैं, जबकि सलोन विधानसभा रायबरेली जिले की है। बीते तीन चुनावों की बात करें तो अमेठी की जनता का मूड बदला–बदला नजर आया। वर्ष 2009 में कांग्रेस के टिकट पर चुनावी समर में उतरे राहुल गांधी ने 57.24 फीसदी मतों के अंतर से जीत दर्ज की, लेकिन, 2014 के चुनाव में परिणाम कुछ अलग दिखा। इस बार भाजपा के टिकट पर चुनाव मैदान में उतरीं स्मृति जूबिन ईरानी मजबूती से लड़ीं। यह बात अलग है कि राहुल गांधी ने जीत दर्ज की, लेकिन मतों का प्रतिशत 25.07 फीसदी घटने के साथ ही जीत के अंतर में 32.83 फीसदी कमी आई। फिर वर्ष 2019 के चुनाव में स्मृति ने गांधी परिवार के गढ़ को ध्वस्त कर जीत दर्ज कर ली। संसदीय सीट की पांच विधानसभाओं में से चार पर भाजपा ने जीत हासिल की थी। ऐसे में इस बार गैर कांग्रेसी सांसद के दोबारा जीतने, जीत का अंतर बढ़ाने, सभी पांचों विधानसभा सीटों से जीत हासिल करने की एक बड़ी चुनौती स्मृति ईरानी के सामने है।

# राजनीति के मैदान में फिल्मी सितारे हारते ही आये हैं

जब भी चुनावों, खासकर लोकसभा चुनाव, की तारीखें घोषित होती हैं, अपनी चमक खो चुके बॉलीवुड के सितारे अचानक राजनीति के फलक पर जगमगाने लग जाते हैं। लेकिन इन फिल्मी सितारों का राजनीतिक रोल सीमित ही रहा है। भले ही उन्होंने चुनाव जीत लिया हो लेकिन राजनीति के मैदान में वो हारते ही आये हैं। 18 वीं लोकसभा के लिए होने जा रहे चुनावों में अरुण गोविल और कंगना राणावत के डेब्यू और गोविंदा की वापसी ने इस पुराने, लेकिन दिलचस्प विषय को फिर से चर्चा में ला दिया है। फिर से उन्हीं प्रश्नों को पुनर्जीवित कर दिया है, जो हर बार सितारों को चुनाव लड़ते देखकर उछाले जाते हैं।

मसलन, फिल्मी सितारे राजनीति में क्यों आते हैं, जबकि समाज सेवा तो वे राजनीति में आए बिना भी कर सकते हैं। उन्हें खुद पर इतना भरोसा क्यों होता है कि जनता उन्हें जिताएगी ही पार्टियॉ अपने वर्षों पुराने नेताओं और कार्यकर्ताओं को नजरअंदाज कर सितारों को क्यों चुनाव मैदान में उतारती हैं ज्यादातर फिल्मी सितारे जीतने के बाद अपने मतदाताओं के लिए कुछ नहीं करते। क्या यह देश के कीमती संसाधनों और इनसे भी कीमती जनता के मतों की बर्बादी नहीं है चुनाव क्षेत्रों में लौटकर कभी न जाने के बावजूद पार्टियॉ उन्हें फिर से उसी क्षेत्र में चुनाव लडने भेजने की हिम्मत और हौसला कैसे जुटा पाती हैं ऐसे और भी कई प्रश्न हो सकते हैं, जिनके जवाब खोजना कोई मुश्किल नहीं है। लेकिन, इससे पहले हमें एक बात को स्वीकार करना होगा कि यह भी उन विषयों में से एक है, जिनका सामान्यीकरण नहीं किया जा सकता।

अभी तक मतदाताओं द्वारा सितारों को चुनकर भेजने का जो रुझान रहा है, उसमें यही देखा गया है कि ज्यादातर वे सितारे चुनाव जीतते आए हैं, जो सत्तारुढ़ दल की ओर से चुनाव लड़े होते हैं। इनमें भी अधिकतर ऐसे सितारे होते हैं, जिनका राजनीति या समाजसेवा में अनुभव लगभग शून्य ही होता है। इनमें ऐसे बहुत कम होते हैं, जो समाज या लोगों के लिए कुछ करने की



इच्छा के वशीभूत होकर राजनीति में आते हैं। ऐसे उदाहरण बहुत कम हैं जब ये सितारे प्रशंसकों से मतदाता बनने वाली अपने क्षेत्र की जनता को अपने कार्य से संतुष्ट कर पाए हों। अपनी छवि और सामाजिक कार्यों के बूते पर पॉच बार लोकसभा चुनाव जीतने वाले बालीवुड के स्टार सुनील दत्त जैसे कलाकार अपवाद ही होंगे, जिन्हें राजनीति बहुत रास आई। वर्ना अधिकतर सितारों ने सांसदी तो पाई लेकिन अपनी प्रतिष्ठा गंवा दी। इस वजह से कुछ दोबारा टिकट पाने में नाकाम रहे तो कुछ अपनी जीत को दोहराने में। अमिताभ बच्चन और धर्मेन्द्र जैसे कुछ कलाकार ऐसे भी थे, जिन्होंने राजनीति से मोहभंग होने की बात कहते हुए संन्यास ले लिया। वैसे भी वास्तविक जीवन में हीरो बनना सेट पर हीरो बनने जितना आसान नहीं होता। 2004 में कॉन्ग्रेस के टिकट पर चुनाव जीतकर लोकसभा में सीट हासिल करने वाले गोविंदा न तो अपने मतदाताओं को नजर आते थे और न लोकसभा में। उन्होंने चार साल बाद सांसदी से इस्तीफा दे दिया। अपने लोकसभा क्षेत्र और लोकसभा में बहुत कम दिखाई देने वाले एक और कलाकार सनी देओल भी हैं, जो पंजाब के गुरदासपुर से सांसद हैं। उनकी राजनीति में असफलता के कारण ही इस बार भाजपा ने उन्हें टिकट नहीं दिया है। सन्नी देओल उसी सीट से सांसद थे जिससे दिवंगत विनोद खन्ना चार बार सांसद चुने गए थे। चुनाव क्षेत्र में न जाने के आरोप उन पर भी लगते थे, लेकिन उन्होंने अपने क्षेत्र की जनता की समस्याएं सुनने और हल करने के लिए अपने लोगों की टीम बनाई हुई थी। यह टीम व्यवस्थित ढंग से अपना काम करते हुए उनकी जीत की संभावनाओं को बचाए रखती थीं। राजनीति को रास आने वाले मौजूदा कलाकारों में शत्रुघ्न सिन्हा, हेमा मालिनी और स्मृति ईरानी का नाम भी प्रमुखता से लिया जा सकता है। लेकिन, देखा जाए तो फिल्मों से राजनीति में जाने वाला फिल्म जगत का कोई भी सितारा पॉलिटिकल स्टारडम की उन ऊंचाईयों को नहीं छू पाया है, जिन पर दक्षिण के सितारे दशकों तक विराजमान रहे। चाहे वह एनटीआर हों, जयललिता हों या एम. जी. रामचंद्रन। इन्होंने अभिनेता के तौर पर भी लोगों के दिलों पर राज किया और राजनेता के रूप में भी। शत्रुघ्न सिन्हा ने ऐसी आकांक्षा जरूर पाली थी, लेकिन बेल परवान नहीं चढ़ पाई। बार–बार संसद में पहुँचने में वे अवश्य सफल रहे हैं। कुछेक अपवादों को छोड़कर, सितारों का राजनीति या समाज में कोई बहुत खास योगदान नहीं रहा है। इसके बावजूद पार्टियां उन पर दांव लगाती हैं, तो यह अकारण नहीं होता। पहले कहा जाता था कि वे सितारों की लोकप्रियता को भुनाकर अपनी जीत सुनिश्चित करने के लिए उन्हें मैदान–ए–जंग में उतारती हैं। लेकिन, मौजूदा राजनीतिक परिदृश्य में यह एक आउटडेटेड विचार लगता है। जैसे भाजपा को इस समय चुनाव जीतने के लिए किसी सितारे को टिकट देने की कोई जरूरत नहीं लगती। इसी तरह कोई सितारा कॉन्ग्रेस की जीत की गारंटी नहीं बन सकता। फिल्मी सितारों का अधिकतर उपयोग होता है, चुनाव प्रचार में भीड़ इकत्र्रा करने के लिए और जनता की भावनाओं को दोहन करने के लिए। और पार्टियॉ यही करती भी हैं। दूसरा इस्तेमाल यह होता है कि उन्हें अधिकतर एक कद्दावर प्रतिद्वंद्वी के मुकाबले में उतारा जाता है, ताकि जीत के मतों का अंतर बढ़ाया जा सके या हार के अंतर को कम किया जा सके। जैसे 1984 में हेमवती नंदन बहुगुणा के मुकाबले अमिताभ को लाना, 1991 में लालकृष्ण आडवाणी के विरुद्ध राजेश खन्ना को या 2004 में राम नाईक के खिलाफ गोविंदा को उतारना। इज्जत बचाने के इस सुरक्षित खेल में ऐसे अवसर विरले ही होते हैं, जब दो फिल्मी सितारे एक–दूसरे के खिलाफ चुनाव लड़ते नजर आएं। जैसे कि 1992 में आडवाणी के त्यागपत्र देने के कारण खाली हुई नई दिल्ली लोकसभा सीट के लिए हुए उपचुनावों में राजेश खन्ना के खिलाफ शत्रुघ्न सिन्हा को खड़ा किया। लेकिन, इसमें भी शत्रु को हार होने के बाद राज्यसभा की सदस्यता देकर उपकृत किया गया। इसीलिए असंतुष्टों को अक्सर शिकायत करते सुना जा सकता है कि फिल्मी सितारों को उनकी योग्यता के बजाय उनकी लोकप्रियता की वजह से प्राथमिकता दी जाती है। लेकिन, आखिरी फैसला तो मतदाता को ही करना होता है कि वह काबिलियत को चुनता है या शोहरत को। जैसे–जैसे लोकतंत्र परिपक्व होता जाएगा, वे समझने लगेंगे कि उन्हें किसे वरीयता देनी चाहिए। जब मतदाताओं को यह समझ आने लगेगा तो राजनीतिक दलों के लिए भी अपरिहार्य हो जाएगा कि वे ग्लैमर के मुकाबले काबिलियत को तरजीह दें।

# आज का राशिफल

मेष राशि आज का दिन खुशियां लेकर आया है। अपनी सकारात्मक सोच को सार्थक कामों में लगायेंगे तो आपकी रचनातमक प्रतिभा सबके सामने खुलकर आएगी, लोगों के बीच आपका सम्मान बढ़ जायेगा। आज घर पर किसी चीज की मरम्मत करानी पड़ेगी। महिलाओं को घर के कार्यो से राहत मिलेगी। आर्थिक पक्ष सामान्य रहेगा।

वृष राशि रू आज का दिन आपके अनुकूल रहने वाला है। आज कार्यक्षेत्र में आपके सहकर्मी और सीनियर आपकी परफॉरमेंस से खुश रहेंगे और आपकी तारीफ करेंगें। आज काम के हिसाब से फल मिलेंगे। जिस बड़े लक्ष्य को पूरा करने की इच्छा है, उससे संबंधित रास्ता मिलेगा। आपके काम पर अंतिम परिणाम निर्भर करेगा। परिवार के साथ हो रहे विवादों को तुरंत सुलझाने की कोशिश करें। समयका सही इस्तेमाल करके काम पूरा करें। आज सभी जरूरी काम आसानी से पूरा कर लेंगे।

मिथुन राशिरू आज का दिन आपके लिए बेहतरीन रहने वाला है। आज आपका पूरा ध्यान अपने कार्य में सुधार करने में रहेगा। आज बच्चे आपने माता–पिता का ज्यादा ध्यान रखेंगें और बात भी मानेंगे। उधार दिया हुआ पैसा वापस मिलेगा बिजनेस में कोई बड़ी सफलता हाथ लग सकती है। आज आप कुछ नया काम स्टार्ट करने की सोच सकते है, लेकिन शुरू करने से पहले अपनों से बड़ों की सलाह जरूर लें लें।

कर्क राशि रू आज का दिन उतार–चढ़ाव भरा रहेगा।आज इस बात का खास ख्याल रखें की दूसरों से तभी दोस्ती करें और अपनी बाते शेयर करें जब उसके बारे में पूरी जानकारी कर लें और उसे भलीभांति समझ लें। आपकी आर्थिक स्थिति मजबूत रहेगी। पिता अपके बिजनेस में आपका सयोग करेंगें। लोग आपकी प्रशंसा करेंगे, जिसे आप हमेशा से सुनना चाहते थे। नव विवाहितो को आज घुमने जाने का मौका मिलेगा।

सिंह राशि रू आज का दिन फायदेमंद साबित होने वाला है। आज आपको पहले किए गए छोटे–मोटे कार्यों से भी पॉजीटिव रिजल्ट मिलेगा। सफलतायें छोटी ही सही लेकिन निरंतर बनी रहेंगी इससे आपका सकारात्मक विचार बनेगा। ऑफिस के कार्यो को करते समय फोक्स बनायें रखें। आपको जो भी जिम्मेदारी मिलेगी, उसे अपनी समझदारी से बखुबी निभायेंगें।

कन्या राशि रू आज का दिन आपके जीवन में खुशियाँ लेकर आया है। आज बच्चों को करियर के मामले में कोई बड़ी खुशखबरी मिलेगी। अपने से बड़ों की बातें गौर से सुनें, भविष्य में आपके लिएफायदेमंद रहेगी। युवाओं को बढिया नौकरी के मिलने की सम्भावना बन रही है।

तुला राशि रू आज का दिन बढिया रहने वाला है। करीयर को बढ़ाने मे किए गए प्रयासों के चलते लाभ होगा7 आज अपने प्रिय व्यक्ति की निकटता से आपको खुशी होगी। आज आपकी अच्छी छवि निखर कर लोगों के सामने आयेगी। संतान की सफलता के कारण,घर में खुशी का माहौल बना रहेगा। शाम को जीवनसाथी के साथ अच्छा समय बीतेगा। बच्चे आज किसी जरूरी काम में अपनी माता की मदद मागेंगे।

वृश्चिक राशि रू आज का दिन आपके लिए व्यस्तता से भरा रहने वाला है। आज रूका हुआ धन वापस मिलेगा, जिससे आपकी आर्थिक स्थिति और मजबूत होगी। आज आप समाजिक कार्यों में सहयोग देने की सोचेंगे। आज परिस्थितियों को ठीक से देखेंगे तो हर एक समस्या को हल कर पाएंगे। जिन लोगों की संगत में आप नकारात्मक बन रहे हैं, फिलहाल उन लोगों से दूरियां बनाने का विचार करेंगे। किसी जरूरी काम से की गई यात्रा सुखद रहेगी। इस राशि के आर्ट्स स्टूडेंट्स को पढ़ाईलिखाई में शिक्षकों से मदद मिलेगी। लवमेट के साथ कहीं घूमने जाएंगे। छात्रों को आज सफलता मिलेगी।

# विराट कोहली आज रच सकते हैं इतिहास, रायल्स के खिलाफ निशाने पर ये दो बड़े रिकार्ड्स

आरसीबी के स्टार बल्लेबाज विराट कोहली के निशाने पर दो बड़े रिकॉर्ड होंगे। कोहली के पास राजस्थान रॉयल्स के खिलाफ सबसे ज्यादा रन बनाने वाले बल्लेबाजों की लिस्ट में टॉप करने का मौका है, साथ ही वह एक टीम के लिए 8000 रन बनानए वाले भी दुनिया के पहले बल्लेबाज बन सकते हैं। राजस्थान रॉयल्स और रॉयल चौलेंजर्स बेंगलुरु आईपीएल 2024 का 19वां मुकाबला आज 6 अप्रैल को खेला जाना है। ये मैच जयपुर के सवाई मानसिंह स्टेडियम में 7.30 बजे होगा। इस मैच में आरसीबी के स्टार बल्लेबाज विराट कोहली के निशाने पर दो बड़े रिकॉर्ड होंगे। कोहली के पास राजस्थान रॉयल्स के खिलाफ सबसे ज्यादा रन बनाने वाले बल्लेबाजों की लिस्ट में टॉप करने का मौका है, साथ ही वह एक टीम के लिए 8000 रन बनानए वाले भी दुनिया के पहले बल्लेबाज बन सकते हैं। किंग कोहली ने संजू सैमसन की अगुवाई वाली राजस्थान रॉयल्स की टीम के खिलाफ अभी तक खेले 29 मुकाबलों में 25.75 की औसत के साथ 618 रन बनाए हैं। अगर विराट आज रॉयल्स के खिलाफ 62 रन और बनाते हैं तो वह इस टीम के लिए सबसे ज्यादा रन बनाने वाले बल्लेबाज बन जाएंगे। फिलहाल इस लिस्ट में पंजाब किंग्स के कप्तान शिखर धवन टॉप पर हैं। गब्बर ने राजस्थान रॉयल्स के खिलाफ 679 रन बनाए हैं। वहीं, एबीडी विलियर्स 652 रनों के साथ दूसरे, केएल राहुल 637 रनों के साथ तीसरे और सुरेश रैन और दिनेश कार्तिक 630 रनों के साथ संयुक्त रूप से चौथे पायदान पर हैं। कोहली के पास त्ब्ठ के लिए 8000 रन बनाने का मौका विराट कोहली ने आरसीबी के लिए अभी तक खेले कुल 256 मुकाबलों में 37.75 की औसत के साथ 7890 रन बनाए हैं। इसमें आईपीएल के साथ चौंपियंस लीग के रन भी शामिल हैं। विराट अगर आज 110 रन और बनाने में कामयाब रहते हैं तो वह दुनिया के पहले ऐसे बल्लेबाज बनेंगे जिसने किसी एक टीम के लिए 8 हजार रन बनाए हो। ये एक एतिहासिक पल होगा।



# रॉयल्स और बेंगलुरु के बीच भिड़ंत, ऐसी हो सकती है दोनों की संभावित प्लेइंग 11

शनिवार को राजस्थान रॉयल्स और रॉयल चौलेंजर्स बेंगलुरु के बीच खेला जाना है। दोनों टीम की जयपुर के सवाई मानसिंह स्टेडियम में भिड़ंत होगी। आरसीबी ने चार मैचों में से एक जीता है और आठवें पायदान पर है। बेंगलुरु ने पिछले दो मैच गंवाए हैं और हार की हैट्रिक से बचने की फिराग में होगी। आईपीएल 2024 का 19वां मैच शनिवार को राजस्थान रॉयल्स और रॉयल चौलेंजर्स बेंगलुरु के बीच खेला जाना है। दोनों टीम की जयपुर के सवाई मानसिंह स्टेडियम में भिड़ंत होगी। आरसीबी ने चार मैचों में से एक जीता है और आठवें पायदान पर है। बेंगलुरु ने पिछले दो मैच गंवाए हैं और हार की हैट्रिक से बचने की फिराग में होगी। राजस्थान की प्लेइंग इलेवन में धाकड़ तेज गेंदबाज संदीप शर्मा की वापसी तय मानी जा रही है। वह अनफिट होने के कारण मुंबई इंडियंस के खिलाफ नहीं खेले थे। संदीप का दिग्गज बल्लेबाज विराट कोहली के खिलाफ अच्छा रिकॉर्ड है। उन्होंने कोहली के सामने 67 गेंद डालीं और सात बार अपना शिकार बनाया। आरआर को ओपनर यशस्वी जायसवाल और जोस बटलर से बड़ी पारी की उम्मीद होगी, जो अब तक असरदार नजर नहीं आए हैं। यशस्वी ने पिछले तीन मैचों में केवल 39 और बटलर ने 35 रन बटोरे हैं। हालांकि, रियान पराग का बल्ला जमकर आग उगल रहा है। वहीं, आरसीबी जीत पटरी पर लौटने के लिए बेताब होगी। बेंगलुरु को मौजूदा सीजन में एकमात्र जीत पंजाब किंग्स के खिलाफ मिली है। आरसीबी की बॉलिंग यूनिट कोई





खास छाप नहीं छोड़ पाई है। तेज गेंदबाज मोहम्मद सिराज काफी महंगे साबित हो रहे हैं। वह शुरुआत में विकेट निकालने में कामयाब नहीं हो रहे, जिसका आरसीबी को काफी खामियाजा भुगतना पड़ा। उन्होंने पिछले दो मैचों में 45 से ज्यादा रन लुटाए। कोहली अच्छे टच में हैं लेकिन कप्तान फाफ शुरुआती मैच के बाद फ्लॉप रहे हैं। दोनों की संभावित प्लेइंग 11 राजस्थान रॉयल्स– जोस बटलर, यशस्वी जायसवाल, संजू सैमसन (विकेटकीपरध्कप्तान), रियान पराग, ध्रुव जुरेल, शिमरोन हेटमायर, रविचंद्रन अश्विन, युजवेंद्र चहल, नांद्रे बर्गर, आवेश खान, ट्रेंट बोल्ट आरसीबी– विराट कोहली, फाफ डुप्लेसी (कप्तान), रजत पाटीदार, ग्लेन मैक्सवेल, कैमरून ग्रीन, अनुज रावत (विकेटकीपर), दिनेश कार्तिक, मयंक डागर, रीस टॉपले, मोहम्मद सिराज, यश दयाल।

# पीसीबी ने बदला पाकिस्तान क्रिकेट टीम का कोच, जल्द होगी आधिकारिक घोषणा

पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड ने कर्स्टन को सफेद गेंद के कोच के रूप में चुना है। जबकि गिलेस्पी को ग्रीन शर्ट्स के लिए लाल गेंद के कोच के रूप में चुना गया है। बता दें कि पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड का ये बड़ा फैसला न्यूजीलैंड के खिलाप आगामी टी20 सीरीज से पहले आया जो 18 अप्रैल से शुरू होने वाली है। पाकिस्तान क्रिकेट में हाल ही में शाहीन अफरीदी को टी20 कप्तानी से हटा कर फिर से बाबर आजम को कप्तानी सौंपी गई। जिसके बाद काफी हला मचा था। वहीं अब रिपोर्ट्स के मुताबिक पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड ने दक्षिण



अफ्रीका के गैरी कर्स्टन और ऑस्ट्रेलिया के जेसन गिलेस्पी को पुरुषों की राष्ट्रीय टीम के लिए कोच नियुक्त करने का फैसला किया है। पाकिस्तान बोर्ड इसकी आधिकारिक घोषणा कर सकता है। सूत्रों ने जियो न्यूज को बताया कि, पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड ने कर्स्टन को सफेद गेंद के कोच के रूप में चुना है। जबकि गिलेस्पी को ग्रीन शर्ट्स के लिए लाल गेंद के कोच के रूप में चुना गया है। बता दें कि पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड का ये बड़ा फैसला न्यूजीलैंड के खिलाप आगामी टी20 सीरीज से पहले आया जो 18 अप्रैल से शुरू होने वाली है। पाकिस्तान क्रिकेट टीम का अगला बड़ा काम टी20 वर्ल्ड कप है

जो जून में संयुक्त राज्य अमेरिका और वेस्टइंडीज में आयोजित किया जाएगा। पीसीबी सेटअप में बदलाव के बाद नवंबर 2023 में उनके पोर्टफोलियो में बदलाव के बाद मिकी आर्थर, ग्रांट ब्रैडबर्न और एंड्रयू पुटिक को लाहौर में राष्ट्रीय क्रिकेट एकादमी में भेजने के बाद ये पद खाली रह गए थे।

# सूर्यकुमार की वापसी से मुंबई को मिलेगी मजबूती, दिल्ली भी अभियान पटरी पर लाने के लिए बेकरार

आईपीएल 2024 में मुंबई इंडियंस और दिल्ली कैपिटल्स अपना अभियान पटरी पर लाने के लिए रविवार को जब एक दूसरे का सामना करेंगे तो निगाहें सूर्यकुमार यादव पर टिकी रहेंगी जो चोट से उबरने के बाद वापसी कर रहे हैं। मुंबई ने अभी तक अपने तीनों मैच गंवाए हैं और वह अंक तालिका में सबसे निचले स्थान पर है। मुंबई इंडियंस और दिल्ली कैपिटल्स इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में अपना अभियान पटरी पर लाने के लिए रविवार को जब यहां एक दूसरे का सामना करेंगे तो निगाहें सूर्यकुमार यादव पर टिकी रहेंगी जो चोट से उबरने के बाद वापसी कर रहे हैं। मुंबई ने अभी तक अपने तीनों मैच गंवाए हैं और वह अंक तालिका में सबसे निचले स्थान पर है। दिल्ली की स्थिति भी अच्छी नहीं है तथा चार मैच में एक जीत से वह 10 टीमों की तालिका में नौवें स्थान पर है। इस तरह से दोनों टीम पर वापसी करने का दबाव है। सूर्यकुमार इस मैच में वापसी कर सकते हैं तथा आईपीएल के तुरंत बाद होने वाले टी20 विश्व कप को ध्यान में रखते हुए उनके प्रदर्शन पर सभी की निगाहें टिकी रहेंगी। सूर्यकुमार चोटिल होने के कारण पिछले तीन महीने से बाहर हैं। उन्होंने शुक्रवार को अभ्यास सत्र में भाग लिया और वह किसी भी तरह से असहज नहीं दिख रहे थे। मुंबई की टीम ने अभी तक हर विभाग में खराब प्रदर्शन किया है। बल्लेबाजी में रोहित शर्मा और ईशान किशन ने उसे अच्छी शुरुआत दिलाई लेकिन यह दोनों बल्लेबाज बड़ा स्कोर बनाने में नाकाम रहे हैं। तिलक वर्मा और नमन धीर पर भी यह बात लागू होती है। कप्तान हार्दिक पंड्या भी अभी तक अच्छा प्रदर्शन करके टीम को प्रेरित करने में नाकाम रहे हैं। उन्हें प्रशंसकों की नाराजगी भी झेलनी पड़ी है। रविवार को हालांकि इस मामले में उन्हें कुछ राहत मिल सकती है क्योंकि इस दिन स्टेडियम में 20000 से अधिक बच्चे खेल का लुत्फ उठाएंगे। जहां तक मुंबई के गेंदबाजी विभाग का सवाल है तो आकाश मधवाल को छोड़कर कोई भी अन्य गेंदबाज प्रभावशाली प्रदर्शन नहीं कर पाया है। आकाश ने राजस्थान रॉयल्स के खिलाफ पिछले मैच में तीन विकेट लिए थे। दिल्ली कैपिटल्स के कप्तान ऋषभ पंत ने पिछले दो मैच में अर्धशतक जमाकर लय हासिल कर ली है लेकिन उन्हें दूसरे छोर से सहयोग नहीं मिल पा रहा है। पंत ने अभी तक चार मैच में 152 रन बनाए हैं।





दिल्ली के गेंदबाजों ने पिछले मैच में बेहद खराब प्रदर्शन किया था। कोलकाता नाइट राइडर्स के बल्लेबाजों ने उनकी जमकर धुनाई करके 7 विकेट पर 272 दिन का विशाल स्कोर खड़ा कर दिया था। इसके जवाब में दिल्ली की टीम 166 रन बनाकर आउट हो गई थी। मुंबई के खिलाफ वह इस मैच को भुलाकर वापसी करने की कोशिश करेगी। दिल्ली को डेविड वार्नर से बड़ी पारी की उम्मीद होगी। उनके अलावा पृथ्वी साव भी वानखेड़े में अपने घरेलू मैदान पर अच्छा प्रदर्शन करने में कोई कसर नहीं छोड़ना चाहेंगे। मुंबई इंडियंस हार्दिक पंड्या (कप्तान), रोहित शर्मा, सूर्यकुमार यादव, डेवाल्ड ब्रेविस, जसप्रीत बुमराह, पीयूष चावला, जेराल्ड कोएत्जी, टिम डेविड, श्रेयस गोपाल, ईशान किशन (विकेटकीपर), अंशुल कंबोज, कुमार कार्तिकेय, आकाश मधवाल, क्वेना मफाका , मोहम्मद नबी, शम्स मुलानी, नमन धीर, शिवालिक शर्मा, रोमारियो शेफर्ड, अर्जुन तेंदुलकर, नुवान तुषारा, तिलक वर्मा, विष्णु विनोद, नेहल वढेरा, ल्यूक वुड। दिल्ली कैपिटल्सरू ऋषभ पंत (कप्तान और विकेटकीपर), डेविड वार्नर, पृथ्वी साव, यश ढुल, अभिषेक पोरेल, अक्षर पटेल, ललित यादव, मिशेल मार्श, प्रवीण दुबे, विक्की ओस्टवाल, एनरिक नोर्किया, कुलदीप यादव, जेक फ्रेजर–मैकगर्क, खलील अहमद, इशांत शर्मा, मुकेश कुमार, ट्रिस्टन स्टब्स, रिकी भुई, कुमार कुशाग्र, रसिख डार, झाय रिचर्डसन, सुमित कुमार, स्वास्तिक चिकारा, शाई होप।

# हैदराबाद ने चेन्नई को 6 रन से दी मात, अभिषेक शर्मा ने खेली अतिशी पारी

सनराइजर्स हैदराबाद और चेन्नई सुपर किंग्स के बीच खेले गए आईपीएल 2024 के 18वें मुकाबले में हैदराबाद ने चेन्नई को 6 विकेट से हरा दिया। पहले बल्लेबाजी करते हुए सीएसके ने पांच विकेट के





नुकसान पर 165 रन ही बनाए जबकि लक्ष्य का पीछा करते हुए एसआरएच ने 18.1 ओवर में चार विकेट खोकर ही दूसरी जीत अपने नाम की।शुक्रवार को हैदराबाद के उप्पल स्टेडियम में सनराइजर्स हैदराबाद और चेन्नई सुपर किंग्स के बीच आईपीएल 2024 का 18वां मुकाबला खेला गया। इस मुकाबले में हैदराबाद ने चेन्नई को 6 विकेट से हरा दिया। पहले बल्लेबाजी करते हुए सीएसके ने पांच विकेट के नुकसान पर 165 रन ही बनाए जबकि लक्ष्य का पीछा करते हुए एसआरएच ने 18.1 ओवर में चार विकेट खोकर ही दूसरी जीत अपने नाम की। इस दौरान एसआरएच के तेज गेंदबाजों ने और अभिषेक शर्मा का बेहतरीन प्रदर्शन रहा। दरअसल, हैदराबाद के लिए एडेन मार्कराम के अर्धशतक और सलामी बल्लेबाज अभिषेक शर्मा की 12 गेंद में 37 रन की विस्फोटक पारीरही। मार्कराम ने ट्रेविस हेड (24 गेंद में 31 रन) के साथ दूसरे विकेट लिए 42 गेंद में 60 रन की साझेदारी की। इससे पहले हेड और अभिषेक ने महज 17 गेंद में 46 रन की साझेदारी कर टीम को बेहद तेज शुरुआत दिलायी। मैन ऑफ द मैच अभिषेक ने इस दौरान दूसरे ओवर में मुकेश चौधरी के खिलाफ तीन छक्के और दो चौके लगाकर 27 रन बटोरे। सीएसके के लिए मोईन अली ने दो जबकि दीपक चाहर और महीश तीक्षणा ने एक–एक विकेट लिये।इससे पहले शिवम दुबे (45 रन) की ताबड़तोड़ पारी के बाद भी चेन्नई की टीम बड़ा स्कोर खड़ा करने में नाकाम रही। दुबे ने 24 गेंद की पारी में दो चौके और चार छक्के लगाये लेकिन टीम के अन्य बल्लेबाज तेजी से रन बनाने के लिए संघर्ष करते दिखे। हैदराबाद के तेज गेंदबाजों ने धीमी गेंदों का शानदार इस्तेमाल कर सीएसके की रनगति को ज्यादा बढ़ने नहीं दिया। अजिंक्य रहाणे ने 30 गेंद 35 जबकि रविंद्र जडेजा ने 23 गेंद में नाबाद 31 रन बनाये। कप्तान रुतुराज गायकवाड़ ने 21 गेंद में 26 रन का योगदान दिया।हैदराबाद के लिए टी नटराजन, भुवनेश्वर कुमार, पैट कमिंस, शाहबाज अहमद और जयदेव उनादकट ने एक–एक विकेट लिये। लक्ष्य का पीछा करते हुए चाहर की दूसरी गेंद पर ही स्लिप में मोईन ने हेड का आसान कैच टपका दिया। इस बल्लेबाज ने ओवर की आखिरी गेंद पर छक्का लगाकर इसका जश्न मनाया। सत्र का पहला मैच खेल रहे मुकेश के खिलाफ अभिषेक ने 27 रन बटोर को चेन्नई को बैकफुट पर धकेल दिया। उन्होंने इसके बाद चाहर के खिलाफ भी छक्का और चौका जड़ा लेकिन एक और बड़ा शॉट खेलने की कोशिश में जडेजा को कैच थमा बैठे।

# अभिषेक शर्मा ने युवराज सिंह के साथ इस दिग्गज को दिया सफलता का श्रेय

अभिषेक शर्मा ने अपनी बल्लेबाजी में सुधार का श्रेय क्रिकेट दिग्गज युवराज सिंह और पूर्व एसआरएच कोच ब्रायन लारा को दिया है। शर्मा के इस सीजन में प्रदर्शन की बात करें तो उन्होंने 4 मैचों में 161 रन बनाए हैं। वह आईपीएल 2024 में अबतक 200 से ज्यादा की स्ट्राइक रेट बनाए रखने वाले कुछ बल्लेबाजों में से एक हैं। सनराइजर्स हैदराबाद ने चेन्नई सुपर किंग्स को 6 विकेटों से करारी मात दी। हैदराबाद ने चेन्नई का 166 रनों का लक्ष्य 2 ओवर शेष रहते ही हासिल कर लिया। इस दौरान अभिषेक शर्मा की आतिशी पारी बेहद अहम रही। उन्होंने इस मैच में 12 गेंदों में 3 चौके और 4 छक्के की मदद से 37 रन जड़े। वहीं मैच के बाद अभिषेक शर्मा ने अपनी बल्लेबाजी में सुधार का श्रेय क्रिकेट दिग्गज युवराज सिंह और पूर्व एसआरएच कोच ब्रायन लारा को दिया है। शर्मा के इस सीजन में प्रदर्शन की बात करें तो उन्होंने 4 मैचों में 161 रन बनाए हैं। वह आईपीएल 2024 में अबतक 200 से ज्यादा की स्ट्राइक रेट बनाए रखने वाले कुछ बल्लेबाजों में से एक हैं।





# फ्रिज से तुरंत निकालकर पीते हैं पानी... कहीं ये तो मोटापे की वजह नहीं है ?

गर्मी आते ही लोग फ्रिज में पानी का बोतल रखने लगते हैं ताकि ठंडा हो जाए तो वह डायरेक्ट निकालें और पीने लगे. लेकिन क्या आपको पता है टागट फ्रिज से पानी निकालकर पीना सेहत के लिए खतरनाक साबित हो सकता है.फ्रिज से पानी निकालकर पीना हो सकता है खतरनाकअभी अप्रैल महीने की शुरुआत ही हुई है लेकिन चिलचिलाती गर्मी ने लोगों का हाल बेहाल कर दिया है. गर्मी आते ही लोग फ्रिज से ठंडा पानी निकालकर टागट पीने लगते हैं. फ्रिज से डायरेक्ट ठंडा पानी निकालकर पीने से सेहत पर बुरा असर पड़ता है. अगर आपको भी ऐसी आदत तो आज ही बदल लें. क्योंकि यह आपके लिए खतरनाक साबित हो सकता है. फ्रिज का ठंडा पानी पीने से न सिर्फ मोटापा बढ़ता है बल्कि कई बीमारियों का खतरा भी बढ़ता है.हार्ट के लिए हो सकता खतरनाकठंडा पानी पीने से हार्ट को काफी ज्यादा नुकसान गोता है. इससे ब्लड वेसल्स सिकुडने लगता है साथ ब्लड का फ्लो भी धीमा होने लगता है. ठंडा पानी पीने से ब्लड वेसल्स काफी ज्यादा कठोर होने लगता है जिसके कारण परेशानी शुरू हो जाती है. बढ़ाता है मोटापाठंडा पानी पीने से शरीर का फैट धीरे–धीरे पिघलता है. मोटापा कम करने और फैट बर्न करने में बहुत ज्यादा परेशानी हो जाती है. अगर आपको वजन घटाना है तो ठंडा पानी बिल्कुल भी न पिएं. नॉर्मल या गुनगुने पानी पिएं. ठंडा पानी पीने से पाचन होता है खराबठंडा पानी पीने से पाचन एकदम खराब हो जाता है. ऐसी स्थिति में कोशिश करें कि फ्रिड का ठंडा पानी न पिएं. इससे पाचन बिगड़ सकता है. कब्ज की शिकायत हो सकती है.




# आपके नाखूनों से भी नहीं हटती नेल पालिश, तो अपना लें ये आसान टिप्स

नेल पॉलिश लगाना हर लड़की का शौक होता है लेकिन इसे निकलना थोड़ा मुश्किल है. आईए जानते हैं नेल पॉलिश निकालने के तरीकों के बारे में.

नेल पॉलिश लगाने के बाद निकलना एक परेशानी है. कई बार नेल पॉलिश रिमूवर से भी नेल पेंट नहीं निकलती है.

नींबू के रस की मदद से भी आप नेल पॉलिश को आसानी से निकाल सकते हैं. नींबू का रस और सफेद सिरका मिला कर इसे नाखूनों पर रगड़े फिर थोड़ी देर बाद इसे धो लें. अपने नाखूनों पर थोड़ा सा सफेद टूथपेस्ट लगाएं फिर टूथब्रश की मदद से इसे रगड़े और थोड़ी देर बाद धो लें.

वहीं कुछ लड़कियां नाखूनों को खूबसूरत रखने के लिए हर हफ्ते नई नई नेल पॉलिश इस्तेमाल करती है. लेकिन नेल पॉलिश एक बार लगने के बाद बड़ी मुश्किल से निकलती है. इसे निकालने के लिए लड़कियां कई प्रयास करती है, पर यह आसानी से नहीं निकल पाती है.आप भी नेल पेंट निकालने की कोशिश करती है और वह नहीं निकलती है, तो आज हम आपको बताएंगे इसे आसानी से निकालने के तरीकों के बारे में. नेल पॉलिश को बदल–बदल कर लगाना लड़कियों को काफी पसंद होता है.ऐसे में पुरानी लगी नेल पॉलिश को निकालना थोड़ा मुश्किल हो जाता है, लेकिन कुछ उपाय अपनाकर आप आसानी से उन्हें निकाल सकती हैं. इसके लिए आपको अपने नाखूनों पर थोड़ा सा ऑलिव ऑयल लगाना होगा फिर धीरे धीरे इसे रगड़े और गुनगुने पानी से धो लें.इसके अलावा आप एल्युमिनियम फॉयल का इस्तेमाल भी कर सकते हैं. आपके नाखूनों पर एल्युमिनियम फॉयल के टुकड़े डालना होंग

` फिर कॉटन बॉल को नेल पॉलिश रिमूवर में भिगोकर

एल्युमिनियम फॉयल के ऊपर रख दें. 15 मिनट के बाद इसे धो लें.



# आयुष शर्मा की फिल्म रुस्लान का दमदार ट्रेलर जारी, सलमान खान ने की जमकर तारीफ

सलमान खान के बहनोई और एक्टर आयुष शर्मा अपनी मोस्ट अवेटेड एक्शन फिल्म रुस्लान को लेकर सुर्खियों में बने हुए हैं. काफी समय से फैंस उनकी इस फिल्म के आने का इंतजार कर रहे हैं. इसी बीच फिल्म का धमाकेदार ट्रेलर रिलीज हो चुका है, जिसको खूब पसंद किया जा रहा है. इतना ही नहीं, फिल्म के ट्रेलर सलमान खान भी जमकर तारीफ कर रहे हैं. वहीं, इस ट्रेलर के रिलीज के बाद फैंस फिल्म को लेकर काफी एक्साइटेड नजर आ रहे हैं.

करण ललित बुटानी द्वारा निर्देशित इस फिल्म में आयुष शर्मा के साथ सुश्री मिश्रा नजर आने वाली हैं. दोनों पहली बार एक साथ बड़े पर्दे पर नजर आने वाले हैं. इतना ही नहीं, इस फिल्म से सुश्री बॉलीवुड में अपना डेब्यू देने जा रही हैं. वहीं, अगर बात रुस्लान के ट्रेलर की करें तो एक्शन से भरपूर ट्रेलर में आयुष शर्मा का जबरदस्त एक्शन और लुक देखने को मिल रहा है, जिसको खूब पसंद किया जा रहा है. साथ ही फिल्म में रोमांस का तड़का भी देखने को मिल रहा है. इस ट्रेलर को आयुष शर्मा ने अपने इंस्टाग्राम पर शेयर



किया है, जिसके साथ एक्टर ने एक शानदार सा कैप्शन में भी डाला है. आयुष शर्मा ने ट्रेलर वीडियो शेयर करते हुए लिखा, जिसकी हिम्मत और जोश देखने का आपको इंतजार था, वो आ गया है प्त रुस्लान ट्रेलर अभी रिलीज हुआ। 26 अप्रैल, 2024 को सिनेमाघरों में दहाड़ेगा. एनएच स्टूडियोज द्वारा वर्ल्ड वाइड रिलीज! म्यूजिक और एक्शन से भरपूर इस फिल्म को लेकर आयुष के फैंस भी इसी रिलीज का वेट कर रहे हैं.

इतना ही नहीं, अपने जीजा आयुष शर्मा की अपकमिंग फिल्म रुस्लान का ट्रेलर सामने आने के बाद सलमान खान ने भी जमकर तारीफ की. सलमान ने अपने सोशल मीडिया हैंडल पर फिल्म का ट्रेलर जारी करते हुए कैप्शन में लिखा, आयुष रुस्लान में आपकी कड़ी मेहनत, प्रयास और समर्पण को देख सकता हूं. चाहे कुछ भी हो, बस अपना बेस्ट देते रहो. कड़ी मेहनत हमेशा रंग लाएगी. भगवान आपको आशीर्वाद दें. बहुत शुभकामनाएं. उनके इस पोस्ट को भी बेहद पसंद किया जा रहा है.

# पुष्पा द रूल से रश्मिका मंदाना की पहली झलक आई सामने, श्रीवल्ली का इस बार होगा दमदार अंदाज

रश्मिका मंदाना साउथ के साथ बॉलीवुड में भी धमाल मचा रही हैं. बॉलीवुड में भी वो मेकर्स की पहली पसंद बनती जा रही हैं. रश्मिका को बॉलीवुड में कदम रखे ज्यादा समय नहीं हुआ है फिर भी उन्हें हर कोई पसंद कर रहा है. पुष्पा के बाद से रश्मिका हर जगह छा गई हैं. अब रश्मिका की पुष्पा 2 का फैंस को बेसब्री से इंतजार है. आज रश्मिका अपना 28वां जन्मदिन मना रही हैं. रश्मिका के जन्मदिन को पुष्पा 2 के मेकर्स ने और स्पेशल बना दिया है. आज पुष्पा 2 से श्रीवल्ली का लुक शेयर कर दिया गया है. जिसमें रश्मिका का दमदार लुक है.पोस्टर में रश्मिका साड़ी पहने हुए नजर आ रही हैं. इसके साथ ही उन्होंने काफी हैवी ज्वैलरी पहनी हुई है. इस पोस्टर में लोगों का ध्यान रश्मिका के माथे पर लगे सिंदूर पर जा रहा है. रश्मिका के एक्सप्रेशन एकदम गुस्से वाले लग रहे हैं. पोस्टर पर हैप्पी बर्थडे श्रीवल्ली भी लिखा है.

मेकर्स ने रश्मिका के बर्थडे पर लुक पोस्टर शेयर करके फैंस को गिफ्ट दे दिया है. उन्होंने पोस्टर शेयर करते हुए लिखा– लोगों का दिल चुराने वाली श्रीवल्ला उर्फ रश्मिका मंदाना को जन्मदिन की ढेर सारी बध ााई.

रश्मिका के लुक की फैंस तारीफ करते हुए नहीं थक रहे हैं. एक फैन ने लिखा– श्रीवल्ली और फायर इमोजी पोस्ट की. वहीं कई फैंस हार्ट और फायर इमोजी पोस्ट कर रहे हैं. कुछ ही देर में लाखों लोग इस पोस्ट को लाइक कर चुके हैं. पुष्पा 2 द रुल का टीजर रिलीज होने के लिए तैयार है. 8 अप्रैल को फिल्म का टीजर रिलीज होगा. मेकर्स ने श्रीवल्ली के लुक के साथ इसकी जानकारी



दे दी है. जिसके बाद से फैंस काफी एक्साइटेड हो गए हैं. पुष्पा 2 की बात करें तो इसमें अल्लू अर्जन, फहाद फासिल, रश्मिका मंदाना लीड रोल में नजर आने वाले हैं. फिल्म को सुकुमार ने डायरेक्ट किया है. ये फिल्म 15 अगस्त को वर्ल्डवाइड रिलीज होने वाली है.

# साइलेंस 2 से मनोज बाजपेयी की नई झलक जारी, एसीपी अविनाश के किरदार में जंचे अभिनेता

बॉलीवुड अभिनेता मनोज बाजपेयी इन दिनों अपनी आगामी फिल्म साइलेंस 2 को लेकर चर्चा में हैं। यह 2021 में आई फिल्म साइलेंस की दूसरी किस्त है।हाल ही में फिल्म का ट्रेलर जारी किया गया, जिसे काफी पसंद किया गया। इसके बाद अब साइलेंस 2 मनोज की नई झलक सामने आई है, जिसमें उनका ध ांसू अवतार दिख रहा है। मनोज एसीपी अविनाश बन एक बार दर्शकों का मनोरंजन करने के लिए लौट रहे हैं।मनोज ने साइलेंस 2 से अपनी पहली झलक साझा करते हुए लिखा, हर बुरे के लिए हमेशा एक बदमाश पुलिस वाला होता है और वह है एसीपी अविनाश।साइलेंस 2 का प्रीमियर 16 अप्रैल से ओटीटी प्लेटफॉर्म जी5 पर होगा। फिल्म के पहले भाग को भी आप जी5 पर देख सकते हैं।साइलेंस 2 का निर्देशन अबन भरूचा देवहंस कर रहे हैं। इस फिल्म में प्राची



देसाई, अर्जुन माथुर और बरखा सिंह जैसे कलाकार भी अहम भूमिकाओं में नजर आएंगे।इस मनोरंजक सीक्वल में, मनोज बाजपेयी ने एसीपी अविनाश वर्मा के रूप में अपनी भूमिका दोहराई है, उनके साथ प्राची देसाई इंस्पेक्टर संजना के रूप में हैं। पहले सीजन की घटनाओं पर आधारित, जहां एसीपी अविनाश और उनकी टीम एक महिला की रहस्यमय हत्या का खुलासा करती है, कहानी रहस्य को और गहराई तक ले जाती है। जैसे–जैसे सस्पेंस बढ़ता है, दर्शकों को एक दिलचस्प यात्रा पर ले जाया जाता है, जिससे एक चौंकाने वाला खुलासा होता है। फिल्म के बारे में बात करते हुए मनोज बाजपेयी ने कहा कि एसीपी अविनाश वर्मा वापस आ गए हैं। वह शांति और व्यवस्था बहाल करने के लिए यहां हैं। मैं दर्शकों को यह दिखाने के लिए उत्साहित हूं कि इस बार कहानी कैसे सुलझेगी। मुझे उम्मीद है कि हम अपने दर्शकों की उम्मीदों पर खरे उतरेंगे और उन्हें एक बार फिर भावुक अनुभव प्रदान करेंगे।

# शाहिद कपूर की तेरी बातों में ऐसा उलझा जिया ने अमेजन प्राइम वीडियो पर दी दस्तक

शाहिद कपूर और कृति सेनन की फिल्म तेरी बातों में ऐसा



उलझा जिया थिएटर्स के बाद अब ओटीटी पर दस्तक दे चुकी है। रिलीज के लगभग एक महीने बाद फिल्म डिजिटल प्लेटफॉर्म पर स्ट्रीम कर दी गई है।तेरी बातों में ऐसा उलझा जिया फरवरी में वैलेंटाइन वीक के दौरान रिलीज हुई थी। फिल्म ने बॉक्स ऑफिस पर ठीक– ठाक बिजनेस भी किया। इस दौरान शाहिद कपूर और कृति सेनन के कई फैंस फिल्म के ओटीटी रिलीज का इंतजार कर रहे थे, जो अब खत्म हो गया है...तेरी बातों में ऐसा उलझा जिया ओटीटी प्लेटफॉर्म पर 5 अप्रैल से स्ट्रीम कर दी गई है। शुक्रवार को फिल्म के ओटीटी रिलीज की जानकारी शेयर की गई है। तेरी बातों में ऐसा उलझा जिया के ओटीटी राइट्स अमेजन प्राइम वीडियो के हाथ लगे है। प्लेटफॉर्म ने एक पोस्ट शेयर करते हुए आधिकारिक तौर पर एलान किया कि तेरी बातों में ऐसा उलझा जिया प्राइम वीडियो पर शुक्रवार को स्ट्रीम कर दी गई है। तेरी बातों में ऐसा उलझा जिया के बिजनेस की बात करें, तो फिल्म 100 करोड़ का आंकड़ा पार करने से चूक गई थी। सैकनिल्क की रिपोर्ट के अनुसार, तेरी बातों में ऐसा उलझा जिया ने घरेलू बॉक्स ऑफिस पर लगभग 85 करोड़ का नेट कलेक्शन किया था।तेरी बातों में ऐसा उलझा जिया में शाहिद कपूर और कृति सेनन ने लीड रोल निभाया है। फिल्म में कृति ने रोबोट शिफ्रा (स्ढ्ढस्न्र्क्र– सुपर इंटेलिजेंट फीमेल रोबोट ऑटोमेशन) का किरदार निभाया है और शाहिद ने एक कंप्यूटर इंजीनियर आर्यन का रोल अदा किया है। इनके अलावा फिल्म में धर्मेंद्र, डिंपल कपाडिया, राकेश बेदी भी अहम किरदारों में शामिल हैं। तेरी बातों में ऐसा उलझा जिया का डायरेक्शन अमित जोशी और आराधना शाह ने किया है।

# एलएसडी 2 का पहला गाना कमसिन कली हुआ रिलीज, गाने में दिखा बोल्डनेस का भरपूर डोज

एकता कपूर की बोल्डनेस से भरपूर फिल्म लव सेक्स और धोखा 2 चर्चा में बनी हुई है. इस फिल्म का दर्शकों को भी बेसब्री से इंतजार है. पहले पार्ट के सफल होने के बाद अब दूसरे पार्ट के लिए भी काफी क्रेज देखने को मिल रहा है. ये फिल्म एकता कपूर की सबसे बोल्ड फिल्मों में से एक हैं. पोस्टर ने तो पहले ही फैंस की एक्साइटमेंट को बढ़ा दिया है. वहीं अब फिल्म से पहला गाना भी रिलीज कर दिया गया है.एकता कपूर और दिबाकर बनर्जी की इस फिल्म का पहला गाना कमसिन कली रिलीज हो गया है. गाने में काफी बोल्डनेस देखने को मिली है. गाने को टोनी कक्कड़ ने गाया है वहीं इसमें धनश्री वर्मा भी अपने मूव्स दिखाती नजर आ रही हैं. गाने की बीट और इसके बोल किसी पार्टी एंथम से कम नहीं लग रहे हैं. इस गाने को टोनी कक्कड़ के अलावा नेहा कक्कड़ ने भी अपनी आवाज दी है.इंस्टाग्राम पर गाने के टीजर को शेयर किया गया था, जिसके बाद इसे ऑफिशियली रिलीज किया गया है. गाने को सारेगामा मा के यूट्यूब चौनल पर रिलीज किया गया है. इस गाने को रिलीज हुए अभी सिर्फ कुछ घंटे ही हुए हैं और इसे खबर लिखे जाने तक 30 हजार से ज्यादा व्यूज मिल चुके हैं.

बता दें कि हाल ही में लव



सेक्स और धोखा 2 का टीजर रिलीज किया गया था. ये टीजर इतना बोल्ड था कि इसे शेयर करने से पहले मेकर्स ने दर्शकों को इसे देखने की चेतावनी भी दे दी थी. मेकर्स ने टीजर की शुरुआत में ही बता दिया था कि ये काफी बोल्ड है इसलिए इसे अपने परिवार के साथ ना देखें और अगर आप नहीं देखना चाहते तो भी मत देखें.बालाजी मोशन पिक्चर्स, जो बालाजी टेलीफिल्म्स का एक डिवीजन है, और दिबाकर बनर्जी प्रोडक्शन की कल्ट मूवीज के साथ मिलकर इस फिल्म को प्रेजेंट किया जा रहा है, लव सेक्स और धोखा 2, को एकता आर कपूर और शोभा कपूर ने प्रोड्यूसर किया है वहीं इसका निर्देशन दिबाकर ने किया है. ये फिल्म 19 अप्रैल 2024 को सिनेमाघरों में रिलीज होने के लिए तैयार है.

# बाक्स आफिस पर फिल्म क्रू ने दुनियाभर में पार किया 80 करोड़ रुपये की कमाई का आंकड़ा

कृति सैनन, तब्बू और करीना कपूर जैसी अभिनेत्रियों से सजी फिल्म क्रू को सिनेमाघरों मे रिलीज का एक हफ्ता बीत चुका है और यह अपनी पकड़ मजबूत बनाए हुए है।दिलजीत दोसांझ ने भी फिल्म में अपनी अदाकारी का तड़का लगाया है। फिल्म शुरुआत से बॉक्स ऑफिस पर राज कर रही है।अब क्रू ने दुनियाभर में 80 करोड़ रुपये की कमाई का आंकड़ा पार कर लिया है। आइए जानते हैं फिल्म का घरेलू बॉक्स ऑफिस पर क्या हाल है। अब क्रू की कमाई के सातवें दिन के आंकड़े भी सामने



आ गए हैं, जो अब तक का सबसे कम कारोबार है। घटती कमाई के बावजूद भारत में इस फिल्म की कमाई 45 करोड़ रुपये की ओर है। सैकनिल्क की रिपोर्ट के मुताबिक, सातवें दिन यानी गुरुवार को क्रू ने 3 करोड़ रुपये का कारोबार किया, जिसके बाद इसका कुल बॉक्स ऑफिस कलेक्शन 43.75 करोड़ रुपये हो गया है।दुनियाभर में इस फिल्म ने 82.58 करोड़ रुपये कमा लिए हैं। क्रू का निर्देशक राजेश ए कृष्णन ने किया है। एकता कपूर, रिया कपूर, अनिल कपूर और दिग्विजय पुरोहित ने मिलकर फिल्म का निर्माण किया है।फिल्म में कपिल शर्मा मेहमान भूमिका में हैं। राजेश शर्मा और शाश्वत चटर्जी भी इस फिल्म का अहम हिस्सा हैं। क्रू सिनेमाघरों में कमाई करने के बाद ओटीटी प्लेटफॉर्म नेटफ्लिक्स पर दस्तक देगी। फिल्म का प्रीमियर मई के अंत तक किया जा सकता है। फिलहाल इस खबर की आधिकारिक पुष्टि होना बाकी है।

# अपूर्वा अरोड़ा ने पहली बार ओटीटी शो फैमिली आज कल में मेथड एक्टिंग आजमाई

अभिनेत्री अपूर्वा अरोड़ा, जिन्हें अपने हाल ही में रिलीज हुए ओटीटी शो फैमिली आज कल के लिए काफी सकारात्मक प्रतिक्रियाएं मिल रही हैं, ने साझा किया है कि उन्होंने शो में पहली बार अभिनय की पद्धति आजमाई।

अभिनेत्री ने भूमिका के लिए अपनी तैयारी के बारे में बात की और बताया कि कैसे उनके निर्देशक परीक्षित जोशी पागलपन भरे तरीके लेकर आए, जिससे शुरुआत में वह भ्रमित हो गईं लेकिन समय के साथ इन तरीकों ने वास्तव में अच्छा काम किया।

अभिनेत्री ने कहा, एक निर्देशक की अभिनेत्री होने का मतलब है कि मैं उनके दृष्टिकोण को जीवन में लाने के लिए तैयार हूं। जब हम फैमिली आज कल के लिए तैयारी कर रहे थे, तो परीक्षित के पास कुछ अनोखे तरीके थे, जिन्हें देखकर पहले तो मुझे अपना सिर खुजलाना पड़ा। लेकिन मैं उस पर भरोसा करने और उसके साथ चलने का फैसला किया, भले ही यह थोड़ा अजीब लगा। उन कार्यशालाओं और होमवर्क सत्रों ने वास्तव में उसके दृष्टिकोण के प्रति मेरी आंखें खोल दीं।



शो में सोनाली सचदेव, आकर्षण सिंह, प्रखर सिंह, मसूद अख्तर और दिवंगत अभिनेता नितेश पांडे भी हैं।

मेथड एक्टिंग सीखने के अपने पहले अनुभव के बारे में बात करते हुए, उन्होंने कहा, यह पहली बार था जब मैं मेथड एक्टिंग में उतर रही थी, वास्तव में अपने किरदार के दिमाग में उतर रही थी। मुझे उन चीजों को छोडना पड़ा जो मुझे पसंद हैं, जैसे संगीत पर थिरकना – और मुझ पर विश्वास करो, कोई भी जो मुझे जानता है वह जानता है कि मैं एक अच्छे बीट पर थिरकने से खुद को रोक नहीं सकता।

उन्होंने आगे कहा, फिल्मांकन के दौरान, मुझे संगीत न सुनने का नाटक करना पड़ा, ठीक उसी तरह जैसे मेरा किरदार दो साल तक अवसाद से जूझ रहा था। मेरा मानना है कि ये गहरे गोते वह जगह हैं जहां जादू होता है, जो चरित्र और मेरे अभिनय कौशल दोनों को आकार देता है।

# पलक तिवारी ने शार्ट ड्रेस में शेयर की स्टनिंग तस्वीरें, एक्ट्रेस की खूबसूरती देख दीवाने हुए यूजर्स

बॉलीवुड एक्ट्रेस पलक तिवारी इन दिनों सोशल मीडिया पर अपनी पर्सनल लाइफ को लेकर काफी लाइमलाइट बटौर रही हैं। वहीं इसी बीच एक्ट्रेस ने अपनी लेटेस्ट फोटोशूट की तस्वीरें इंस्टाग्राम पर पोस्ट की हैं। इन तस्वीरों में उनकी खूबसूरती देखकर फैंस की नजरें उन पर से हटने का नाम नहीं ले रही है। बता दें कि एक्ट्रेस जब भी अपनी तस्वीरें इंस्टाग्राम पर पोस्ट करती हैं तो अक्सर फैंस उनकी तस्वीरों पर जमकर लाइक्स और कॉमेंट्स के जरिए प्रतिक्रियाएं देते हैं।

आए दिन वे अपनी स्टाइलिश तस्वीरें और वीडियो शेयर कर फैंस का दिल जीत लेती हैं. हाल ही में पलक ने अपनी कुछ स्टनिंग तस्वीरें इंस्टाग्राम पर शेयर की हैं, जिसमें वे क्रीम कलर की शॉर्ट ड्रेस में बेहद खूबसूरत लग रही हैं. इन तस्वीरों में पलक ने क्रीम कलर की शॉर्ट ड्रेस पहनी है. उन्होंने लाइट मेकअप किया है और अपने बालों को खुला रखा है. पलक ने अलग–अलग पोज देते हुए कई तस्वीरें खिंचवाई हैं.पलक की इन तस्वीरों को सोशल मीडिया पर खूब पसंद किया जा रहा है.

कानों में छोटे से इयररिंग्स, बालों को स्टाइलिश लुक में खुले छोड़कर और साथ ही लाइट मेकअप कर के एक्ट्रेस पलक तिवारी ने अपने आउटलुक को कंप्लीट किया है।

इन तस्वीरों में आप देख सकते हैं एक्ट्रेस कैमरे के सामने अपना परफेक्ट फिगर फ्लॉन्ट करती हुई नजर आ रही हैं। साथ ही फैंस उनकी तारीफ करते नहीं थकते हैं।

फोटोज में आप देख सकते हैं एक्ट्रेस पलक तिवारी फोटोशूट करवाते हुए एक से बढ़कर एक सेक्सी लुक्स में पोज देते हुए नजर आ रही हैं।

यूजर्स पलक की खूबसूरती की तारीफ करते नहीं थक रहे हैं. कई यूजर्स ने कमेंट में लिखा है कि पलक अपनी मां श्वेता तिवारी से भी ज्यादा खूबसूरत हैं.



विजडम इण्डिया
R.N.I.NO.-UPHIN/2011/41608
हिन्दी दैनिक समाचार पत्र
लखनऊ, रविवार 07 अप्रैल 2024
sheelshukla100@gmail.com


# आदर्श आचार संहिता व निर्वाचन व्यय उल्लंघन संबंधी प्रकरणों को जिला प्रशासन के संज्ञान में लाने हेतु सी–विजिल ऐप का कर सकतें है प्रयोग

ब्यूरो

देवरिया। उप जिला निर्वाचन अधिकारी/एडीएम प्रशासन गौरव श्रीवास्तव ने बताया है कि लोक सभा सामान्य निर्वाचन–2024 के निर्वाचन कार्य को स्वतंत्र एवं निष्पक्ष रुप से निष्पादित किये जाने एवं आमजन के माध्यम से आदर्श आचार संहिता अथवा निर्वाचन व्यय संबंधी उल्लंघन के प्रकरणों की जानकारी प्राप्त करने के दृष्टिगत भारत निर्वाचन आयोग द्वारा सी–विजिल के नाम से एक अभिनव ऐप विकसित किया गया है। सी–विजिल ऐप को कोई भी नागरिक अपने स्मार्ट फोन से गूगल प्ले स्टोर/एप्पल स्टोर के जरिये आसानी से डाउनलोड करके आदर्श आचार संहिता एवं निर्वाचन व्यय संबंधी किसी प्रकार के उल्लंघन संबंधी घटना/प्रकरण की फोटो, वीडियो या आडियो के माध्यम से शिकायत कर सकता है। सी–विजिल के जरिये शिकायत करने वाले व्यक्ति का नाम भी गोपनीय रखे जाने का प्राविधान है। इसके अतिरिक्त कोई भी नागरिक आयोग के निर्देशानुसार जनपद स्तर पर स्थापित शिकायत ध्व्यय अनुवीक्षण नियंत्रण कक्ष एवं कॉल सेंटर, जिसका नंबर 05568–222261, 297052 व 226351 है, पर भी आदर्श आचार संहिता एवं निर्वाचन व्यय के उल्लंघन संबंधी शिकायत दर्ज करा सकते हैं। मतदाताओं से सी–विजिल एप के प्रयोग की अपील एडीएम प्रशासन ने की है।जनपद के समस्त नागरिकों से उन्होंने अपील की है कि आयोग द्वारा विकसित सी–विजिल ऐप को अपने स्मार्ट फोन में डाउनलोड कर, सी–विजिल के माध्यम से आदर्श आचार संहिता व निर्वाचन व्यय उल्लंघन संबंधी प्रकरणों को जिला प्रशासन के संज्ञान में लाने का कष्ट करें।

# इंफ्रास्ट्रक्चर डेवलपमेंट एंड मार्केट एक्सेस पर हुई चर्चा

चित्रकूट (आरएनएस)। जगतगुरु रामभद्राचार्य दिव्यांग राज्य विश्वविद्यालय के प्रबंधन विभाग द्वारा इन्फ्रास्ट्रक्चर डेवलपमेंट एंड मार्केट एक्सेस विषय पर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन अष्टावक्र सभागार में किया गया। इस कार्यशाला में विद्यार्थियों को विकसित भारत 2047 को आधार रखकर सभी विद्यार्थियों के समक्ष बातें रखी गई। कार्यशाला में रवि प्रकाश शुक्ला सहायक आचार्य प्रबंधन विभाग द्वारा इन्फ्रास्ट्रक्चर डेवलपमेंट एंड मार्केट एक्सेस के बारे में विस्तृत रूप से विद्यार्थियों को जानकारी दी गई। कहा कि भारत देश आजादी के बाद से विभिन्न योजनाएं जैसे पंचवर्षीय योजना लागू करके अपने देश को विकसित देश की श्रेणी में अग्रसर कर रहा है। कार्यशाला में सहायक आचार्य भविष्या माथुर ने 2047 में भारत देश कैसा होगा और किस तरह के भारत देश की हम कल्पना कर रहे है इस विषय पर विद्यार्थियों का मार्गदर्शन किया। आपने अपने वक्तव्य में भारतीय अर्थव्यवस्था किस प्रकार विकास की रह पर चल रही है और आने वाले समय में कैसे अपने लक्ष्यों को पूरा करने का सपना है उसे बड़ी ही सरलता से बताया। इसी कड़ी में प्रबंधन विभाग प्रभारी दलीप कुमार ने अपने व्याख्यान में विजन भारत 2047 को सभी विद्यार्थियों के सामने विभिन्न उदाहरण के माध्यम से बताया। कहा कि भारत देश की आजादी के 100 वर्ष पूरा होने पर भारत देश अपने को आर्थिक अर्थव्यवस्था को 30 ट्रिलियन अमेरिकी डॉलर तक पहुंचने का लक्ष्य रखा है। कार्यशाला में विशिष्ट वक्ता अर्थशास्त्र विभाग प्रभारी डा अरविंद कुमार ने भारत को विकासशील देशों की श्रेणी में निरंतर अपनी योजनाओं के माध्यम से आगे बढ़ रहा है। दूसरे वक्ता डा संजय कुमार नायक ने विकसित भारत के सपने को पूरा करने में आने वाली चुनौतियों को विद्यार्थियों के समक्ष रखा। शिक्षा को बढ़ाने और नए टेक्नोलॉजी में भारत को विकसित करने पर जोर दिया। कार्यशाला में आए हुए अथितियो का धन्यवाद ज्ञापन विभाग प्रभारी दलीप कुमार द्वारा दिया गया। कार्यक्रम का संचालन कार्यशला सह संयोजक भविष्या माथुर ने किया। कार्यशाला में डा आनंद कुमार, डा संजय कुमार नायक और डा अरबिंद कुमार आदि शिक्षकगण उपस्थित रहे।

# सेंध लगा चुराई नकदी, चांदी के गहने

## –दो घरों में भी किया चोरी प्रयास,मिली असफलता



राजापुर (चित्रकूट) (आरएनएस)। थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत रमपुरिया अब्बल में बीती रात चोरो ने तीन घरों में धावा बोला। एक घर में सेंध मारकर चांदी के जेवरात व नगदी सहित अन्य सामग्री ले गए। अन्य दो मकानों में चोरी के प्रयास में असफल रहे।शुक्रवार की रात ग्राम पंचायत रमपुरिया अब्बल के निवासी बासदेव पुत्र गया प्रसाद यादव ने थाने में तहरीर देकर बताया कि इन दिनों फसलों की कटाई का समय चल रहा हैं। जिससे थकान होने के कारण खाना खाने के बाद सो गए थे। इसी बीच चोरों ने मध्य रात्रि को खिड़की के नीचे दीवार काटकर घर के अंदर घुस गए और दरवाजा खोलकर कमरे में रखा बक्से का ताला तोड़कर चांदी के जेवरात सहित 20 हजार रूपए नगद व बर्तन, अनाज लेकर चले गए। इसी रात बगल के सुन्दरलाल पुत्र मनबोध यादव के घर में भी सेंध लगाकर चोरी का प्रयास किया, लेकिन कोई समान न मिलने के कारण पड़ोस के तीसरे घर में भी चोरी करने का प्रयास कर ही रहे थे कि अचानक खटखट की आवाज सुनकर मक्खन यादव की पत्नी आशा यादव की नींद खुल गई। शोर मचाना शुरू किया तो चोर भयभीत होकर पहले घर की चोरी किए हुए सामान को लेकर चंपत हो गए। प्रभारी निरीक्षक मनोज सिंह ने बताया कि जांच पड़ताल कराई है। चोरी का प्रयास किया गया हैं और किसी भी प्रकार का कोई समान ले जाने की बात नही कही हैं।

# 13 के विरुद्ध मिनी गुंडा एक्ट की कार्यवाही

चित्रकूट (आरएनएस)। प्रभारी निरीक्षक कोतवाली कर्वी उपेन्द्र प्रताप सिंह ने चुन्नू प्रसाद पुत्र स्व भगवानदीन निवासी कैम्प का पुरवा डिलौरा, रामहित, रामगोपाल पुत्रगण शीतल प्रसाद, अमर सिंह पुत्र छेदीलाल, सत्यरुप पुत्र रामेश्वर, नवल किशोर, दयाराम पुत्रगण रामेश्वर यादव निवासीगण नारायणपुर, दिवाकर पुत्र रामचन्द्र, महेश रैक्वार पुत्र बृजमोहन, बब्बू पुत्र भानू रैक्वार निवसागीण गोल तालाब व थानाध्यक्ष बहिलपुरवा राम सिंह ने अभिषेक उर्फ छोटू, कल्लू उर्फ राजा यादव पुत्र विष्णु यादव निवासीगण चुनकावन का पुरवा मजरा पुराना बहिलपुरवा, ललित उर्फ लल्लू पुत्र गुलाब सिंह निवासी ऐंचवारा के विरुद्ध धारा 110जी सीआरपीसी की कार्यवाही की है।

# श्रद्धालुओं ने धर्मनगरी में डाला डेरा, कल अमावस्या

चित्रकूट (आरएनएस)। चौत्र मास की सोमवती अमावस्या के दो दिन पहले ही श्रद्धालुओं ने धर्मनगरी में डेरा डालना शुरू कर दिया है। साधू संत सहित श्रद्धालु पैदल व अन्य साधनों से पहुंच रहे हैं। अमावस्या मेला की व्यवस्था के लिए यूपी व एमपी क्षेत्र में अधिकारियों की तैनाती सहित पेयजल, बिजली व अन्य व्यवस्थाएं की जा रही हैं। चौत्र मास की अमावस्या में दस लाख से अधिक श्रद्धालु आने की संभावना जताई जा रही है। जिसमें दो दिन पहले ही श्रद्धालु धर्मनगरी पहुंच रहे है।जिसमें साधू संत भी शामिल देखे जा रहे है। इसी के साथ अयोध्या में दर्शन करने वाले ज्यादातर श्रद्धालु भी धर्मनगरी चित्रकूट पहुंच रहे है। जिसको देखते हुए डीएम अभिषेक आनंद व एसपी अरूण कुमार सिंह ने मेला की व्यवस्था के लिए अधिकारियों की बैठक लेकर व्यवस्था करने के निर्देश दिए हैं।

# बड़ी तादाद में वाहन नदारद, कल सोमवती अमावस्या

## –श्रद्धालुओं को धर्मनगरी तक पहुंचाएगी रोड़वेज बसे

चित्रकूट (आरएनएस)। कल सोमवार को सोमवती अमावस्या होने के चलते प्रभु श्रीराम की तपोस्थली में लाखों श्रद्धालुओं के आने की संभावनाएं हैं। इधर बीते दिन डम्पर और आटो की भिड़ंत से सात लोगों की मौत के बाद प्रशासन का चाबुक ऐसा चला कि बड़ी तादाद में टैम्पो, टैक्सी, ई रिक्शा थाने में खड़े हो गए। इस कार्यवाही से डरे अन्य वाहन चालक भी अपने घरों में वाहन खड़े कर दिए। ऐसे में रोजाना धर्मनगरी पहुंचने वाले श्रद्धालुओं को तो दिक्कतें हो ही रही हैं अब सोमवती अमावस्या की भारी भीड़ के आवागमन में कुछ परेशानी तो जरूर होगी, लेकिन प्रशासन ने इसके लिए इंतजाम किए हैं। यातायात प्रभारी शैलेन्द्र सिंह ने बताया कि वाहनों की कमी श्रद्धालुओं को नहीं होने दी जाएगी। यातायात नियमों का उल्लंघन किसी भी दशा में बर्दाश्त नहीं है। परिवहन विभाग से बात की गई। रोड़वेज बसे धर्मनगरी तक चलाई जाएगी।

# वाह्य व जिला पुलिस बल के साथ एसपी ने किया ब्रीफिंग

चित्रकूट (आरएनएस)। एसपी अरुण कुमार सिंह ने अपर एसपी चक्रपाणि त्रिपाठी की उपस्थिति में सोमवती अमावस्या मेला के लिए डियूटी में आए बाह्य जनपद एवं जिले के अधिकारी, कर्मचारीगणों की ब्रीफिंग की। इस दौरान पुलिस बल को अमावस्या मेला में आने वाले श्रद्धालुओं के दृष्टिगत सुरक्षा व्यवस्था दुरुस्त रखने के निर्देश दिए गए। बताया गया कि डियूटी पॉइन्ट पर समय से पहुंचें। सतर्क रहकर ड्यूटी चार्ट के मुताबिक करें। श्रद्धालुओं से नम्रतापूर्वक व्यवहार किया जाए। कोई भी समस्या होती है तो लाइजनिंग अफसर को अवगत कराते हुये उच्चाधिकारियों को सूचना दें। मेला डियूटी के लिए बाह्य जनपदों से चार पुलिस उपाधीक्षक, 14 निरीक्षक, 60 उप निरीक्षक, चार महिला एसआई, 190 मुख्य आरक्षी, आरक्षी, 15 यातायात मुख्य आरक्षी, आरक्षी, दो उप निरीक्षक एलआईयू, 10 मुख्य आरक्षी, आरक्षी एलआईयू, दो फायर टैंकर, दो प्लाटून पीएसी, एक प्लाटून फ्लड एलआईयू पीएसी व एएस चेक टीम तथा जनपद चित्रकूट के तीन क्षेत्राधिकारी, 10 प्रभारी निरीक्षक, 15 निरीक्षक, 51 उप निरीक्षक, 125 मुख्य आरक्षी, आरक्षी, 56 महिला आरक्षी, दो उप निरीक्षक यातायात, 23 मुख्य आरक्षी, आरक्षी यातायात, एक उप निरीक्षक एलआईयू, आठ मुख्य आरक्षी, आरक्षी एलआईयू व ,दो फायर टैंकर, दो डॉग स्क्वायड टीम की डियूटी लगायी गयी है। ब्रीफिंग के दौरान सीओ राजापुर निष्ठा उपाध्याय, सीओ सिटी राज कमल, प्रतिसार निरीक्षक शिव नारायण आदि मौजूद रहे।

# देसही देवरिया में मतदाताओं से घर घर जा कर किया गया जनसंपर्क

## बरहज एवं पथरदेवा में निकाली गई मतदाता जगरूकता रैली






ब्यूरो

देवरिया। जिलाधिकारी अखंड प्रताप सिंह एवं मुख्य विकास अधिकारी/स्वीप नोडल प्रत्यूष पांडेय के नेतृत्व में चलाए जा रहे मतदाता जागरूकता कार्यक्रम स्वीप के अंतर्गत ब्लॉक देसही देवरिया के विभिन्न ग्राम सभाओं में डोर टू डोर जनसंपर्क का अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में ग्राम सभा रामपुर दुल्लह वि. क्षेत्र देसही देवरिया में सुनील कुमार (प्रधानाध्यापक) एवं स्वीप नोडल दुर्विजय व बच्चों ने गांव में जाकर बुजुर्ग महिला– पुरुष व युवा मतदाता को मतदान करने के लिए जागरूक किया। देसही देवरिया ब्लाक के नोडल विजय ने बताया कि नियमित तौर पर संबंधित ग्राम सभा में प्रधानाध्यापक एवं बीएलओ के सहयोग से डोर टू डोर कार्यक्रम चलाया जाएगा जिस की 75: मतदान का लक्ष्य प्राप्त हो सके। बरहज विधानसभा में मतदाता जागरूकता अभियान के अंतर्गत बाबा गया दास इंटर कॉलेज बरहज में नायब तहसीलदार रविंद्र मौर्य ने मतदाता शपथ दिलाया और मतदाता जागरूकता रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। प्रधानाचार्य उपेंद्र नाथ मिश्रा,संजीव दूबे, स्वीप नोडल,दीपक जायसवाल, राजेश गुप्ता, रमेश चंद तिवारी, आदित्य शुक्ला, बाबूराम प्रजापति,दिनेश शर्मा,हरे राम यादव, सर्वेश दीक्षित,अभिमन्यु मिश्र आदि अध्यापकों की उपस्थिति में मतदाता शपथ दिलाया गया तथा मतदान जागरूकता रैली निकाली गई। मतदाता जागरूकता के स्लोगनो ने मतदान वृद्धि हेतु जनजागरण किया गया।पथरदेवा विधान सभा में संविलियन विद्यालय देवघाट पर चुनाव पाठशाला का आयोजन किया गया। इस चुनाव पाठशाला के अंतर्गत रंगोली प्रतियोगिता, चार्ट प्रतियोगिता और स्लोगन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। रंगोली प्रतियोगिता में डी०एल०एड० प्रशिक्षु चाँदनी गोंड़ के साथ वन्दना गुप्ता,बिरजू गुप्ता ने प्रतिभाग किया। रंगोली प्रतियोगिता में वन्दना गुप्ता को पुरस्कृत किया गया। पोस्टर प्रतियोगिता में नरगिस खातून,सबीना खातून,अर्चना सैनी और नैना गुप्ता ने प्रतिभाग किया जिसमें अर्चना सैनी को प्रथम पुरस्कार दिया गया और सबीना को दूसरा स्थान।स्लोगन प्रतियोगिता में खुशी ,प्रीति,पलक,अन्नू प्रजापति, माधुरी,मीनू गोंड़, आकांक्षा गौतम और किशन गौतम ने प्रतिभाग किया जिसमें अन्नू को प्रथम और प्रीति गुप्ता को दूसरा और मीनू गोंड़ को तीसरा स्थान मिला। इस कार्यक्रम में गाँव के सम्मानित महिला पुरुष ने भी प्रतिभाग किया।खण्ड शिक्षा अधिकारी गोपाल मिश्रा जी द्वारा सभी की मतदाता शपथ दिलाई गई और प्रतियोगिता में चयनित सभी छात्र और छात्राओं को खण्ड शिक्षा अधिकारी द्वारा पुरस्कृत किया गया। खण्ड शिक्षा अधिकारी के द्वारा आये हुए सम्मानित लोगों से 1 जून को बढ़ चढ़कर मतदान में भाग लेने के लिए प्रेरित किया गया। इस कार्यक्रम में विद्यालय की इंचार्ज प्रधानाध्यापिका सुनीता श्रीवास्तव, राकेश कुमार मणि, मुहम्मद ताहिर अंसारी, बीएलओ पीयूष भरती, राजन सिंह, उमेश कुमार गुप्ता, अनूप कुमार यादव,संतोष कुमार, साधना धर और प्रशिक्षु चाँदनी गोंड़ उपस्थित रही।

# आंगनबाड़ी, आशा कार्यकत्रियां निर्वाचन आयोग की दूत बनकर महिलाओं को करेंगी जागरुक

चित्रकूट (आरएनएस)। स्वीप कार्यक्रम के अन्तर्गत मतदाता जागरूकता व मतदान प्रतिशत बढ़ाने विशेष कर महिला मतदान में बढ़ोत्तरी के लिए तहसील सभागार में उप जिलाधिकारी मऊ राकेश कुमार पाठक की अध्यक्षता में आंगनबाड़ी कार्यकत्री, आशा व स्वयं सहायता समूह की महिलाओं का जागरूकता कार्यक्रम हुआ। सर्वप्रथम महाविद्यालय मऊ की छात्राओं ने मेहंदी कार्यक्रम में प्रतिभाग किया। भाषण प्रतियोगिता में अपने विचार रखे। इस दौरान आंगनबाड़ी, आशाओं को निर्देशित किया गया कि अपने क्षेत्र में निर्वाचन आयोग की दूत बनकर जाएं एवं प्रत्येक ग्राम स्वास्थ्य, स्वच्छता एवं पोषण दिवस पर महिलाओं को शत प्रतिशत 20 मई को मतदान करने के लिए प्रेरित करें। इसके साथ ही दस्तक अभियान में जब घर–घर भ्रमण पर जाएंगी तब विभागीय कार्य के साथ ही सभी महिलाओं को जागरुक करें। इस मौके पर मतदाता शपथ दिलाई गई। सभी ने मतदाता हस्ताक्षर अभियान में प्रतिभाग किया। मतदाता सेल्फी प्वाइंट पर सेल्फी ली। कार्यक्रम में एएसीएम आलोक सिंह, डीआईओएस संतोष कुमार मिश्रा, डीपीओ पीडी विश्वकर्मा, सीडीपीओ बीएल गुप्ता, सीडीपीओ मऊ विनय कुमार सिंह, प्रभारी चिकित्साधिकारी डॉ एच. सिद्दीकी, स्वीप समन्वयक प्रो. एस कुरील, सुधा सिंह आदि मौजूद रहे।

# डकैती की घटना में शामिल आठ अभियुक्तों के विरुद्ध गैंगेस्टर, चार गिरफ्तार

चित्रकूट (आरएनएस)। एसपी अरुण कुमार सिंह के निर्देशन में अपराध एवं अपराधियों की रोकथाम को चलाए जा रहे अभियान के तहत अपर पुलिस अधीक्षक चक्रपाणि त्रिपाठी एवं क्षेत्राधिकारी राजापुर निष्ठा उपाध्याय के पर्यवेक्षण में थानाध्यक्ष रैपुरा शैलेंद्रचन्द्र पांडेय ने डकैती की घटना कारित करने वाले आठ अभियुक्तो के विरुद्ध गैंगस्टर एक्ट की कार्यवाही की। जिनमें चार अभियुक्त को गिरफ्तार कर लिया है।बताया गया कि बीती शाम हिमांशु सोनी पुत्र हरिमोहन सोनी निवासी सुनहरी मोहल्ला तुलसी मंदिर रोड कस्बा राजापुर रामनगर स्थित सोने–चांदी के आभूषणों की दुकान बंद कर राजापुर जा रहे थे। नुनमई पुलिया के पास अज्ञात लोगों ने सोने चांदी के जेवरात व नगदी तथा अन्य कागजात लूट लिए थे। मुकदमें की विवेचना से आठ आरोपी प्रकाश में आए। विगत वर्ष अभियुक्तों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से सोने चांदी के जेवरात, नगदी व कागजात बरामद हुए थे। इसी आधार पर अभियुक्त सत्यम गुप्ता पुत्र मुन्ना गुप्ता निवासी कृष्णा नगर बबेरू जनपद बांदा, अजय कुशवाहा पुत्र राज बहादुर कुशवाह निवासी प्रभाकर नगर बबेरू, शैलेंद्र सिंह उर्फ साहिल पुत्र स्व महाजगबंदन सिंह निवासी मनोरथ थोक सुंदर कुआं बबेरू, अमित साहू पुत्र गणेश साहू निवासी दूल थोक बबेरू, मुकेश पाल पुत्र रामदास निवासी झील का पुरवा कोतवाली नगर बांदा, संजू सिंह उर्फ युवराज सिंह पुत्र मुन्नका सिंह उर्फ अशोक सिंह निवासी कृष्ण नगर, सचिन यादव पुत्र छोटेलाल निवासी जरैली कोठी बांदा, अनूप सविता पुत्र चुनवाद निवासी कृष्ण नगर के विरुद्ध थानाध्यक्ष रैपुरा शैलेन्द्रचन्द्र पांडेय ने गैंगस्टर एक्ट के तहत अभियोग पंजीकृत किया। पुलिस टीम ने संजू सिंह उर्फ युवराज सिंह, शैलेंद्र सिंह उर्फ साहिल, अमित साहू, सचिन यादव को गिरफ्तार किया है।

# लोकसभा निर्वाचन मे लगे प्रभारी एवँ अधिकारी अपने अपने दायित्वों एवँ कर्तव्यों का कडाई से करे पालन आयुक्त

बाँदा(आरएनएस)।आयुक्त चित्रकूटधाम मण्डल बॉदा बाल कृष्ण त्रिपाठी की अध्यक्षता में कलेक्टेट स्थित महर्षि बामदेव सभागार में लोकसभा सामान्य निर्वाचन–2024 को स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं सकुशल ढंग से सम्पन्न कराये जाने के सम्बन्ध में बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में आयुक्त ने लोकसभा सामान्य निर्वाचन को सकुशल सम्पन्न कराये जाने के सम्बन्ध में निर्वाचन कार्य में लगे प्रभारी अधिकारियों एवं सहायक प्रभारी अधिकारियों तथा उप जिलाधिकारियों से निर्वाचन की तैयारियों के सम्बन्ध में जानकारी प्राप्त करते हुए निर्देश दिये कि सभी अधिकारी निर्वाचन आयोग के द्वारा दिये गये निर्देशों का आपस में समन्वय स्थापित करें एवं अपने–अपने दायित्वों एवं कर्तव्यों का पालन सुनिश्चित करें, इस कार्य में किसी प्रकार की कोताही बर्दाश्त नही की जायेगी। उन्होंने आदर्श आचार संहिता एवं कानून व्यवस्था का कडाई से अनुपालन सुनिश्चित कराये जाने के निर्देश उप जिलाधिकारियों एवं क्षेत्राधिकारी पुलिस को दिये।

उन्होंने लोकसभा सामान्य निर्वाचन–2024 में मतदान प्रतिशत में शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों में मतदान प्रतिशत बढाये जाने के लिए समस्त आशा, आंगनबाडी, स्वयं सहायता समूह की सदस्य, किसान सहायक तथा पंचायत सचिव के माध्यम से मतदान के प्रति लोगों में जागरूकता लाने हेतु घर–घर सम्पर्क करने के निर्देश दिये। उन्होंने सभी अधिशाषी अधिकारियों को निर्देशित किया कि शहर के हर वार्ड में मतदान करने के लिए प्रचार किया जाए तथा मतदान पर्ची घर–घर तक अवश्य पहुंचायी जाए। उन्होंने मतदान केन्द्रों पर मतदान दिवस के दिन सभी आवश्यक व्यवस्थायें पेयजल, छाया एवं अन्य संशाधनों की व्यवस्था भी सुनिश्चित करने के निर्देश दिये। उन्होंने मतदान के दिन माकपोल प्रत्येक बूथ पर समय पर कराये जाने तथा मतदान कर्मियों को बेहतर रूप से मतदान के दिन किये जाने वाले कार्यों का गहनता एवं विस्तृत रूप से प्रशिक्षण प्रदान किये जाने के निर्देश दिये। उन्होंने डिस्ट्रिक कॉन्टेक्ट सेन्टर 1950 एवं सी–विजिल में प्राप्त होने वाली शिकायतों के सम्बन्ध में जानकारी प्राप्त करते हुए शिकायतों के निस्तारण की क्रॉस चेकिंग भी करने के निर्देश दिये। उन्होंने बैठक में निर्वाचन कार्य को सम्पन्न कराने हेतु हल्के एवं भारी वाहनों की उपलब्धता, कार्मिकों की व्यवस्था एवं प्रशिक्षण व्यवस्था, जोनल एवं सेक्टर मजिस्टेटों की तैनाती एवं प्रशिक्षण तथा बेब कास्टिंग किये जाने वाले बूथों पर की गयी तैयारियों के सम्बन्ध में जानकारी प्राप्त करते हुए सभी कार्य समय से पूर्ण कराये जाने के निर्देश दिये। बैठक में उप पुलिस महानिरीक्षक अजय कुमार सिंह ने पुलिस अधिकारियों को निर्देश दिये कि निर्वाचन आयोग द्वारा जारी महत्वपूर्ण आदेश एवं निर्देश थाना स्तर तक उपलब्ध कराये जायें और उनका अनुपालन सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने नामंकन के समय की जाने वाली तैयारियों एवं सुरक्षा व्यवस्था, वीआईपी आगमन के समय सुरक्षा व्यवस्था एवं कार्य के सम्बन्ध में जानकारी देते हुए निर्वाचन के दौरान पोलिंग पार्टी रवानगी वाले दिन, मतदान दिवस एवं मतगणना दिवस पर यातायात की समुचित व्यवस्था रखने के सम्बन्ध में माइक्रोप्लान तैयार करने के निर्देश दिये। उन्होंने अवैध शराब एवं अन्य मादक पदार्थ की विक्री पर कडी नजर रखने, शान्तिपूर्ण निर्वाचन को सम्पन्न कराये जाने हेतु असमाजिक तत्वों एवं निर्वाचन को प्रभावित करने वाले व्यक्तियों पर समय से कार्यवाही करने के निर्देश दिये। उन्होंने सोशल मीडिया पर कडी नजर रखने के निर्देश देते हुए निर्देशित किया कि सोशल मीडिया पर भ्रामक सूचना फैलाने वालों के विरूद्ध कडी कार्यवाही की जायेगी।बैठक में जिलाधिकारी श्रीमती दुर्गा शक्ति नागपाल

# भाजपा के स्थापना दिवस पर दिलाया संकल्प

मऊ (चित्रकूट)। (आरएनएस) भाजपा का स्थापना दिवस मऊ मंडल से मनाया गया। कार्यक्रम में पूर्व सांसद रमेश चंद्र द्विवेदी, विधायक मानिकपुर अविनाश चंद्र द्विवेदी, जिला महामंत्री राधवेन्द्र सिंह, जिला किसान मोर्चा अध्यक्ष पुष्पराज सिंह, नगर पंचायत अध्यक्ष अमित द्विवेदी, मण्डल अध्यक्ष ओम प्रकाश मिश्रा, जिला निगरानी समिति सदस्य ममता तिवारी, मंडल महिला मंत्री गीता तिवारी, महामंत्री सर्वेश मिश्रा, जिला कार्यसमिति सदस्य शिवशरण शुक्ला, मंडल उपाध्यक्ष महेश पाण्डेय, शरद मिश्रा, शक्ति केंद्र संयोजक विश्वनाथ प्रताप मिश्र, बूथ अध्यक्ष राजीव, कपिल शुक्ला, कैलाश श्रीवास्तव, विष्णुदेव् त्रिपाठी आदि मौजूद रहे। इस दौरान भाजपाईयों ने समाज के अंतिम पायदान में खड़े व्यक्ति को विकास के मुख्यधारा में जोड़ने के संकल्पों की पूर्ति की बात कही।

हिन्दी दैनिक विजडम इंडिया
स्वामी,मुद्रक एवं प्रकाशक श्री शील कुमार शुक्ला द्वारा हिन्दुस्तान समाचार फीचर सेवा लि0 ,94, एम0जी0 मार्ग, हजरतगंज, लखनऊ से छपवाकर 633/387,गेहमर कुंज कालोनी, फैजाबाद रोड, चिनहट, लखनऊ उ0प्र0 से प्रकाशित।
सम्पादक–शील कुमार शुक्ला
सभी विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ मान्य होगा।